## खबर संक्षेप

### दिवंगत अनुबाई बागड़े को बौध्द समाज ने दी श्रद्धांजलि

**सौंसर।** कन्हान पीपला निवासी अरुण बागड़े की माताजी श्रीमती अनुबाई पांडुरंग बागडे 78 का हाल ही में निधन हुआ है,वह अपने पीछे चार पुत्र एवं चार पुत्रियां छोड़ गई है। अंतिम संस्कार कार्यक्रम में ग्राम कहाँन पिपला में सामाजिक धार्मिक सांस्कृतिक क्षेत्र से जुड़े हुए लोगों और समाज बंधुओ की उपस्थिति में अंतिम संस्कार एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में भारतीय बौद्ध महासभा, समता सैनिक दल, बौद्ध नवयुवक परिचय सम्मेलन समिति, तथागत धम्म प्रकल्प समिति जाखिवाड़ा, आदि के पदाधिकारी एवं सदस्यों के द्वारा 2 मिनट का मौन धारण करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई है। श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि दिवंगत श्रीमती अनुबाई बागड़े ने कड़ी मेहनत के साथ विपरीत परिस्थितियों में कार्य करते हुए अपने परिवार का लालन पोषण कर अपने पैरों पर खड़ा करते हुए समाज हित में भी महत्वपूर्ण कार्य किया है,इस दौरान समता सैनिक दल जिला जीओसी बाबाराव चारे,भारतीय बौद्ध महासभा छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष भोजराज धोतके, भारतीय बौद्ध महासभा जिला अध्यक्ष डॉ अशोक भगत, जागेश्वर बागड़े,एस.आर शेंडे, श्रीमती नंदाबाई बागडे,प्रकाश पाटिल के अलावा बड़ी संख्या में बौद्ध उपासक उपाशिका उपस्थित थे।

### वार्ड 11 एवं 9 में निर्माण कार्य प्रारंभ वार्ड नंबर 11 में सीसी रोड का किया निरीक्षण

**जुन्नारदेव।** नगर के वार्ड क्रमांक 11 एवं9 में वार्डवासियों को सुविधा प्रदान करने हेतु लगभग चार लाख की लागत से पेवर ब्लॉक चेक्स लगाने का कार्य प्रगति पर है। साथ ही इसी वार्ड भी ठेकेदार द्वारा कराया जा रहा है। निर्माण कार्यों की गुणवत्ता का निरीक्षण करने पहुंचे वार्ड पहुंचे। यहां पर उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति को देखकर कार्य की गुणवत्ता को नजरअंदाज नहीं करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने इस मौके पर ठेकेदार को कहा कि वार्ड में चल रहे निर्माण कार्य कि गुणवत्ता को लेकर किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही वार्ड वासियों की सुविधा का विषय ध्यान रखने संबंधी बात भी उनके द्वारा कही गई। नगर के वार्ड क्रमांक 11 के संगम मैं वार्ड वासियों की मांग पर गुणवत्ता युक्त सीसी रोड का निर्माण किया जा रहा है वार्ड में सीसी रोड के निर्माण पर वार्ड की सीमा से मुख मार्ग तक यह आम जनमानस के आवा गमन में महत्वपूर्ण सिद्ध होगी।

### एक माह में जांच पूरी कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के दिए निर्देश

# स्थापित सीवरेज परियोजना की समीक्षा बैठक में परियोजना कार्यों पर महापौर सख्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाड़ा




नगर पालिक निगम में बुधवार को महापौर विक्रम अहके की अध्यक्षता में स्थापित सीवरेज परियोजना को लेकर एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में निगम अध्यक्ष सोनू मागो, आयुक्त सी.पी. राय, जलकार्य एवं सीवरेज की सभापति अरुणा मनोज कुशवाहा, अन्य सभापति, विभिन्न वार्डों के पार्षद तथा जलप्रदाय से संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में MPUDC के परियोजना प्रबंधक अभय जैन एवं सीवरेज परियोजना पर कार्यरत लक्ष्मी कंस्ट्रक्शन के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में पिछले काफी समय से सामने आ रही समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की गई। महापौर अहके ने निर्देश दिए कि सभी वार्डों में संबंधित इंजीनियर, वार्ड दरोगा एवं पार्षद संयुक्त रूप से सीवरेज पाइपलाइन कार्यों की जांच करेंगे। चिन्हित सुधार स्थलों की रिपोर्ट एक माह में प्रस्तुत की जाएगी, जिसके आधार पर लक्ष्मी कंस्ट्रक्शन द्वारा शीघ्र सुधार कार्य कराया जाएगा।

महापौर ने बैठक में सख्त रुख अपनाते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी 48 वार्डों के पार्षदों की सहमति के बाद ही सीवरेज परियोजना का पूर्णता प्रमाणपत्र जारी किया जाएगा। यदि एक भी पार्षद असंतुष्ट तो पूर्णता प्रमाणपत्र जारी नहीं किया जाएगा।

महापौर द्वारा जिन कार्यों को अनिवार्य रूप से पूरा करने के निर्देश दिए गए, उनमें प्रमुख रूप से पेयजल पाइपलाइन के ऊपर से सीवरेज लाइन नहीं होनी चाहिए, यदि कहीं है तो तत्काल सुधार किया जाए, सभी मैनहोल सड़क के निर्धारित स्तर पर लाए जाएं, सड़कों का समुचित रेस्टोरेशन सुनिश्चित किया जाए, सड़क पर बने चैंबरों के कारण हुए गड्ढों की मरम्मत की जाए, तथा जनता और संबंधित कर्मचारियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया जाए, ताकि किसी भी समस्या का त्वरित निराकरण संभव हो सके।

#### परियोजना की समयरेखा एवं प्रगति

नगर निगम द्वारा सीवरेज परियोजना की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट वर्ष 2015 में तैयार की गई थी, जिसे 17 अगस्त 2016 को स्वीकृति प्राप्त हुई। कार्य आदेश/समझौता 24 जून 2017 एवं 21 जुलाई 2017 को हुआ। सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट की भूमि में परिवर्तन के कारण डिजाइन एवं ड्राइंग अनुमोदन में लगभग 9 माह का समय लगा। परियोजना का कार्य 5 मई 2018 को प्रारंभ हुआ, जबकि समझौते के अनुसार पूर्णता तिथि 20 जुलाई 2020 निर्धारित थी।

### रावनवाड़ा थाने का मामला, पुलिस कर रही जांच

## खड़े डंपर से टकराई मोटर साइकिल, युवक की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

बीते मंगलवार की रात सड़क किनारे खड़े एक डम्पर से बाइक टकरा गई । जिससे बाइक सवार युवक की मौत हो गई । मृतक 19 वर्षीय रंजीत पिता भीकम मरावी बिजौरी पठार निवासी बताया जा रहा है ।मिली जानकारी के अनुसार झुर्रे बस्ती के पास पिछले दो दिनों से डम्पर क्रमांक MP13H4401 अंधेरे में ड्राइवर द्वारा खड़ा कर दिया गया । डम्पर में न तो रेडियम पट्टी लगी है , न ही बिना पार्किंग लाइट चालू रखे गए । लापरवाही पूर्वक डम्पर को खड़ा कियागया था । बाइक सवार रंजीत मरावी खड़े डम्पर में पीछे से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गया । राहगीरों ने तत्काल डायल 112 से पुलिस को सूचना दी ।रावनवाड़ा (शिवपुरी) पुलिस तत्काल मौके पर पहुंचकर 108 एम्बुलेंस से रंजीत को जिला अस्पताल भेजा गया । जहां उपचार के दौरान रंजीत की मौत हो गई । प्रार्थी राजकुमार सिंह झुर्रे निवासी की रिपोर्ट पर डम्पर क्रमांक MP13H4401 के चालक के विरुद्ध थाना रावनवाड़ा (शिवपुरी) में अपराध क्र. 264/2025 धारा 285,125(ए)पंजीबद्ध किया गया। मृतक के परिजनों को मोबाइल से सूचना दी गई ।

## मालगाड़ी के सामने कूदकर इंजीनियर ने की आत्महत्या

### मृतक के पास से पुलिस ने बरामद किया सुसाइड नोट, मौत का कारण स्वयं को बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



छिंदवाड़ा के वर्धमान सिटी निवासी इंजीनियर हेमंत पवार ने देहात थाना क्षेत्र स्थित रेलवे पटरी पर ट्रेन के सामने आकर अपनी जान दे दी। हेमंत पवार एक माइनिंग इंजीनियर थे और उनकी एक बेटी कक्षा दसवीं में पढ़ती है। घटना की खबर लगते ही संबंधितजनों में शोक की लहर छा गई। हेमंत पवार पवार समाज के सक्रिय कार्यकर्ता और सामाजिक कार्यकर्ता रहे है। उनकी सामाजिक छवि को देखते हुए उनके निधन पर शोक की लहर छा गई।

छिंदवाड़ा के देहात थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक घटना सामने आई है, जहां एक माइनिंग इंजीनियर ने रेलवे ट्रैक पर कूदकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान नागपुर रोड स्थित वर्धमान सिटी के निवासी हेमंत पवार (51) के रूप में हुई है। वे पेशे से इंजीनियर हैं और समाजसेवा में भी एक्टिव थे। बुधवार को हेमंत पवार ने मालगाड़ी के सामने कूदकर अपनी जान दे दी। घटना से लोग स्तब्ध रह गए।

#### खुद को ठहराया जिम्मेदार

देहात थाना निरीक्षक ने बताया कि स्थानीय लोगों से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति ने मालगाड़ी के सामने कूदकर जान दे दी है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव की पहचान हेमंत पवार के रूप में की गई। पुलिस को घटनास्थल से सुसाइड नोट भी मिला है, जिसमें उन्होंने अपनी मौत की जिम्मेदारी स्वयं पर ली है।

हेमंत पवार पेशे से माइनिंग इंजीनियर थे और समाज में उनकी पहचान एक कुशल, व्यवहारिक और नेतृत्व क्षमता वाले व्यक्ति के रूप में थी। वे बीते कई वर्षों से जिला छतरियां पवार समाज के अध्यक्ष और प्रदेश भोयर पवार समाज के कार्यकारी अध्यक्ष के पद पर कार्यरत थे। उनकी एकमात्र बेटी कक्षा 10वीं की छात्रा है। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों ने परिजनों को संभालने के उद्देश्य से कुछ समय तक यह सूचना उनकी पत्नी से छुपाकर रखी।

पवार समाज से जुड़े अविनाश पवार ने बताया कि कुछ दिन पहले ही समाज की बैठक में हेमंत पवार ने समाज के उत्थान को लेकर नई रणनीति तैयार की थी। किसी ने भी यह कल्पना नहीं की थी कि वे ऐसा कदम उठा लेंगे।

#### प्रत्यक्षदर्शी ने दी जानकारी

घटना के समय एक व्यक्ति ने दूर से पूरी घटना देखी। प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार, हेमंत पवार करीब तीन घंटे तक रेलवे ट्रैक के आसपास घूमते रहे और ट्रेन आने का इंतजार करते रहे। जैसे ही मालगाड़ी आई, वे ट्रैक पर लेट गए और ट्रेन की ओर पीठ कर ली। जब तक प्रत्यक्षदर्शी मदद के लिए वहां पहुंच पाता, तब तक घटना हो चुकी थी। फिलहाल देहात थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है और सुसाइड नोट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### 7 मरीजों को मिली 3 लाख 30 हजार की आर्थिक सहायता राशि

**छिन्दवाड़ा।** आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के मरीज एवं उनके परिजन लगातार सांसद बंटी विवेक साहू से संपर्क कर बिमारी के लिए आर्थिक सहायता की अर्जी लगा रहे है। सांसद श्री साहू भी सभी आवेदनों पर गंभीरता से विचार कर उन्हें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सहयोग से उनकी स्वेच्छानुदान मद से सहायता राशि भी उपलब्ध करा रहे है। वर्तमान में सांसद श्री साहू के प्रयासों से 7 मरीजों को 3 लाख 30 हजार की आर्थिक सहायता राशि प्राप्त हुई है। उक्त राशि मिलने से सातों मरीजों का बेहतर ईलाज हो सकेगा। उल्लेखनिय है कि सांसद बंटी विवेक साहू के प्रयासों से ईलाज कराने में असमर्थ लोगों को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सहयोग से उनकी स्वेच्छानुदान मद से सहायता राशि दिलाने का सिलसिला लगातार जारी है। मुख्यमंत्री श्री यादव के द्वारा मरीजों को प्रतिमाह लाखों रूपयों की आर्थिक सहायता राशि उपलब्ध कराई जा रही है।

### चीफ इंजीनियर रहे सृष्टि दास मुखर्जी का निधन



**परासिया।** मिनरल कार्पोरेशन ऑफ इंडिया में चीफ ड्रिलिंग इंजीनियर रहे परासिया के सृष्टि दास मुखर्जी का बीमारी से रायपुर के अस्पताल में निधन हो गया। उनकी उम्र 68 वर्ष थी। जानकारी के अनुसार परासिया के पेंच व्हेली स्कूल के छात्र रहे सृष्टि दास ने जबलपुर इंजीनियरिंग कॉलेज से बी ई की डिग्री प्राप्त करने के बाद एम ई करने के पश्चात अमेरिका के फ्लोरिडा युनिवर्सिटी से डाक्ट्रेट की डिग्री प्राप्त की थी। उन्होंने अमेरिका, आस्ट्रेलिया एवं फ्रांस में उच्च पदों पर नौकरी की। वहीं भारत में कई स्थानों में भूगर्भ के अंदर के मूल्यवान खनिज की जानकारी देकर उक्त स्थानों पर खदान शुरू करवाई थी। वे रिलायंस इंडस्ट्रीज में वाइस प्रेसिडेंट भी रहे। सृष्टि दास मुखर्जी वरिष्ठ वकील हिमाद्री भूषण मुखर्जी, एडवोकेट शिवदास मुखर्जी, रिटायर्ड चीफ इंजीनियर कालिदास मुखर्जी एवं रिटायर्ड चीफ इंजीनियर तुलसीदास मुखर्जी के छोटे भाई थे। वे अपने पीछे पत्नी साधना तथा पुत्र सिद्धार्थ मुखर्जी एम बी ए एवं पुत्री डॉक्टर सुष्मिता को छोड़ गए हैं।

### मरीज को दी 50 हजार की सहायता राशि

**छिंदवाड़ा।** सांसद बंटी विवेक साहू की पहल पर पांढुर्णा के ग्राम पेन्ढोनी निवासी दीपक कोरडे का नागपुर में ईलाज हो सकेगा। सांसद के प्रयास से गंभीर बीमारी से जूझ रहे पीड़ति व्यक्ति को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से 50 हजार की आर्थिक सहायता प्राप्त हुई है। उल्लेखनीय है कि विगत दिनों पांढुर्णा के ग्राम पेन्ढोनी निवासी सोहन देशमुख ने सांसद श्री साहू से मुलाकात करते हुए उनके परिचित के गंभीर रूप से बीमार होने की जानकारी दी और अपनी आर्थिक स्थिति का हवाला देते हुए ईलाज के लिए आर्थिक सहायता की मांग की थी। जिसे गंभीरता से लेते हुए सांसद श्री साहू ने तत्काल ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र प्रेषित कर बीमारी के ईलाज के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने का निवेदन किया था।

### जन भागीदारी अध्यक्ष ने उच्च शिक्षा मंत्री को सौंपा पत्र



**जुन्नारदेव।** मध्य प्रदेश शासन के उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार वर्तमान में छिंदवाड़ा जिले के दौरे पर है। बुधवार 24 दिसंबर को शासकीय महाविद्यालय जुन्नारदेव की जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष अंकित सुनील सोनी, सदस्य राहुल निरापुरे, उमेश वाईकर सहित पूर्व विधायक नथन शाह कवरेती ने उच्च शिक्षा मंत्री से मुलाकात कर उन्हें शासकीय महाविद्यालय जुन्नारदेव मैं नए विषय खोलना के साथ-साथ पदों का सृजन महाविद्यालय में खेल मैदान का निर्माण कार्य एवं कन्या छात्रावास के चारों ओर बाउंड्री वॉल के निर्माण कार्य हेतु पत्र सौपकर विद्यार्थियों के हित में मांग की है।पत्र में जन भागीदारी अध्यक्ष द्वारा महाविद्यालय में स्नातक स्तर पर कला संकाय में इतिहास, संस्कृति और स्नातकोत्तर स्तर पर एम हिंदी, अंग्रेजी, राजनीति, इतिहास एवं विज्ञान विषयों में स्नातकोत्तर स्तर पर एमएससी प्राणीशास्त्र, वनस्पतिशास्त्र, गणित और भौतिक शास्त्र विषय प्रारंभ करने की मांग की गई है, जिससे आदिवासी विधानसभा क्षेत्र के विद्यार्थियों को इसका लाभ मिल सके। वही महाविद्यालय में निर्मित दो कन्या छात्रावास लगभग 08 साल से प्रारंभ नहीं हो पाए हैं जिसका मुख्य कारण बाउंड्री वालों का अभाव है जन भागीदारी अध्यक्ष ने बाउंड्री वालों के निर्माण की मांग भी की है साथ ही उन्होंने आदिवासी क्षेत्र के युवाओं के खेल में करियर को देखते हुए आउटडोर खेल मैदान निर्माण की मांग भी की है जिससे विद्यार्थी अपनी खेल प्रतिभा को निखार सके। उच्च शिक्षा मंत्री द्वारा आश्वासन दिया गया है कि महाविद्यालय में समस्त सुविधा शीघ्र ही प्रदान की जाएगी।

## स्कूल में आदिवासी बच्चों को बांटे गए गरम कपड़े

### शासकीय बालक हायर सेकेंडरी स्कूल गरम कपड़े वितरण के लिए पहुंचे यमन साहू




हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाड़ा

बढ़ती ठंड को देखकर अगर कोई समाजसेवी बच्चों को गरम वस्त्र का दान करता है तो यह निश्चित रूप से समाजसेवा के क्षेत्र में बड़ा कदम होता है और ऐसा ही बड़ा कदम उठाने का काम हिंदू सेना के प्रमुख नेता यमन साहू द्वारा किया गया है। शासकीय बालक हायर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित स्वेटर वितरण कार्यक्रम में बच्चों ने गर्म कपड़े पाकर खुशी का इजहार किया। भाजपा युवा नेता यमन साहू ने बताया है कि बिछुआ के स्कूल शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में यमन साहू मित्र मंडल द्वारा हमेशा समाजसेवी कार्य में अग्रसर रही है ब बढ़ती ठंड को देखते हुए युवा नेता द्वारा स्कूल के जरूरतमंद बच्चों को स्वेटर गरम टोपा हाथ के ग्लप्स बांटे गए श्री साहू ने बताया है कि ये काम निरंतर आगे भी जारी रहेगा इस कार्यक्रम दौरान विजय सिंह ठाकुर सुजीत विश्वकर्मा आकाश ठाकुर सोनू ठाकुर वैभव नामदेव सूरज चोपड़े अभय कथूरिया पारस पसीने देवांश पवार सुशील भाई एवं अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। स्कूल स्टाफ की ओर से प्राचार्य सुरेश बरखे, वैभव अलोणी, रेणुका गड़करी, शुभम सूर्यवंशी, सरस्वती खरपुसे, श्री धाकड़ सर, रत्ने सर, वर्मा सर के अलावा अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

## मयूर वन के मैदान के लिए चालीस लाख रुपए जमा करेगी नगर पालिका

### पीआईसी की बैठक में लिया प्रस्ताव, मैदान का विकास नगर पालिका कराएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया



नगर पालिका परासिया वन विभाग से मयूर वन का मैदान लेने के लिए चालीस लाख रुपए जमा कराएगी । इसके लिए पीआईसी की बैठक में प्रस्ताव लिया गया । बुधवार को चार बजे आयोजित बैठक में मैदान हस्तांतरण के लिए चालीस लाख जमा करने , पाईप लाईन विस्तार के लिए एमपीआरडीसी को राशि जमा करने के लिए प्रस्ताव लिया गया ।नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय ने बताया , कि शहर में खेल मैदान नहीं है ।

खिलाडियों के लिए मयूर वन सबसे महत्वपूर्ण जगह है । ये जगह शहर के हृदय स्थल पर है । यहां खेल मैदान बनाने के लिए वन विभाग से मैदान को हस्तांतरित करने के लिए नगर पालिका चालीस लाख रुपए जमा कराएगी । जिससे एक बेहतर खेल मैदान बन सके । नगर पालिका इसका निर्माण कराएगी ।

गौरतलब है , कि मयूर वन का खेल मैदान क्षेत्र के खिलाडियों का सपना है ।नगर पालिका अध्यक्ष ने बताया , कि अमृत टू योजना में मंधान बांध से परासिया तक पाईप लाईन आना है । इससे एमपीआरडीसी की रोड को नुकसान होगा । इसके लिए 71 लाख 57 हजार की राशि जमा की जानी है । इसका प्रस्ताव लिया गया है । नगर में सीमेंट कांक्रीट रोड बनाई गई है ।

कई जगह सडकें क्षतिग्रस्त हो गई है । इन सडको का डामरीकरण कराने के लिए एक रोड रुपयों का प्रस्ताव लिया गया। एक करोड की लागत से नगर की जो सडके क्षतिग्रस्त है उनकी मरम्मत की जाएगी । इसके अलावा भी अन्य प्रस्ताव लिए गए। टेंडर की दरें स्वीकृत की गई।

बैठक में सभापति बल्लू नागी , नरेंद्र विश्वकर्मा , शोभा सेंगर , कुंती उईके , सुषमा चौरसिया , शशि सतनामी , संतोष डेहरिया , सीएमओ भरत गजबे , इंजिनियर राजेंद्र सोनी , नगर पालिका के स्थापना प्रभारी , लेखापाल , राजस्व , जल और अन्य विभागों के प्रभारी उपस्थित रहे ।

### आबकारी विभाग की परासिया क्षेत्र में अवैध मदिरा निर्माण के अड्डों तथा मदिरा विकेताओं पर प्रभावी कार्यवाही

## कार्यवाही में 4000 किलो लहान तथा 95 लीटर हाथ भट्टी मदिरा की गई जप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



कलेक्टर हरेंद्र नारायन के निर्देशानुसार सहायक आबकारी आयुक्त बी.आर.वैद्य के मार्गदर्शन में वृत्त परासिया प्रभारी अधिकारी द्वारा शिवपुरी तथा छिंदा के अंतर्गत आने वाले ग्राम मंडला, घालीवाड़ा, ढाला एवं हथियागढ़ में आबकारी विभाग एवं शिवपुरी पुलिस द्वारा सयुंक्त कार्यवाही की गई। इस कार्यवाही में सबसे पहले बल द्वारा ग्राम मंडला में अवैध मदिरा निर्माण के अड्डों पर कार्यवाही की गई, जहाँ नाला के किनारे अलग-अलग स्थानों में छुपाकर रखे 04 प्लास्टिक के ड्रमो में तथा प्लास्टिक की 03 केनो में रखे लगभग 800 कि.ग्रा. लहान तथा 60 लीटर हाथ भट्टी मदिरा बरामद किया गया। इसके बाद आबकारी बल ग्राम घालीवाड़ा तथा ढाला में नदी के किनारे पानी के अंदर, झाड़ियों तथा चट्टानों में सघन तलाशी के दौरान छुपाकर रखी गई 48 प्लास्टिक की पन्नियों में लगभग 2400 कि.ग्रा. महुआ लहान बरामद किया गया। मदिरा निर्माण के लिये तैयार महुआ लहान का सैंपल लेकर शेष सभी लहान नष्ट किया गया तथा 01 बोरी मे पन्नी के अंदर रखा लगभग 25 लीटर हाथ भट्टी मदिरा भी बरामद किया गया। इसके बाद छिंदा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम हथियागढ़ में भी दबिश दी गई, जहाँ नाला के किनारे से 08 प्लास्टिक की बोरियों में रखा 400 कि.ग्रा. लहान बरामद किया गया, जिसका सैंपल लेकर लहान नष्ट किया गया। ग्राम दीघावानी के अंतर्गत एक मकान/दुकान की तलाशी लेने पर प्लास्टिक की कुप्पी तथा बोतलों में रखा 12 लीटर हाथ भट्टी मदिरा बरामद कर शिवम परतेती पिता सुखदास पर प्रकरण कायम किया गया। इस तलाशी एवं दबिश कार्यवाही में कुल 4000 कि.ग्रा. लहान तथा 95 लीटर हाथ भट्टी मदिरा जिसकी अनुमानित कीमत 409700 आकी गई है। दबिश कार्यवाही में मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) क, च के तहत 08 प्रकरण कायम किया गया। इस दबिश कार्यवाही में वृत प्रभारी आबकारी उप निरीक्षक श्री जीत सिंह धुर्वे, आबकारी आरक्षक श्री ओम नारायन बाम्हने, सुश्री दीपाली झारिया, सुश्री प्रियंका सरयाम, श्री रविशंकर कंगाली तथा पुलिस टीम का योगदान सराहनीय रहा।

## हर प्लेटफॉर्म पर पेयजल, 1 नंबर को चालू करने, कोरोना पूर्व ट्रेन स्टॉपेज पूर्ववत करने की मांग

# रेलवे जीएम से मिले विधायक, भाजपा उपाध्यक्ष, हम फाउंडेशन और जनप्रतिनिधि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा



आज 24 दिसंबर को यहां रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करने पधारे रेलवे जीएम विवेक कुमार गुप्ता, मुंबई से भेट कर क्षेत्रीय कांग्रेस विधायक निलेश उईके, जिला भाजपा उपाध्यक्ष उज्वल सिंह चौहान हम फाउंडेशन भारत के प्रतिनिधियों तथा शास्त्री वार्ड के पार्षद लोचन खवसे ने स्टेशन पर जरूरी सुविधाओं के साथ ही कोरोनाकाल में बंद किए स्टॉपेज फिर से चालू करने की मांग करते हुए तदाशय का मांगपत्र सौंपा। इस अवसर पर शहर के अनेक जनप्रतिनिधियों ने भी रेलवे जीएम के सामने इससे मिलती जुलती मांगे रखी। सभी ने संघमित्रा एक्सप्रेस, सिकंदराबाद एक्सप्रेस, बागमति एक्सप्रेस, दीक्षाभूमि एक्सप्रेस, स्वर्णजयंती एक्सप्रेस, गंगाकावेरी एक्सप्रेस, अंदमान एक्सप्रेस तथा जयंती जनता एक्सप्रेस का स्टॉपेज पूर्ववत किए जाने की मांग की। हम फाउंडेशन ने बुजुर्ग और वरिष्ठ रेलयात्रियों की सुविधा के लिए नागपुर जानेवाली ट्रेनों को प्लेटफॉर्म नंबर एक खडे करने की मांग की। गौरतलब है कि वर्तमान में इस प्लेटफॉर्म को खाली रखा जाता है सारी ट्रेनें दूसरे और तीसरे प्लेटफॉर्म पर आती है, जिससे बुजुर्ग और वरिष्ठ यात्रियों को काफी कष्ट होता है।

रेलवे जीएम को सभी भेटकर्ताओं ने जानकारी दी कि जिला होने के नाते यहां रेलवे के स्टॉपेज में पर्याप्त वृद्धि होनी चाहिए। इसके अलावा यहां से सैकडों छात्र, सैकडों नौकरीपेशा और सैकडों व्यापारी अपने अपने काम से नागपुर आना जाना करते है। जिला बनने के कारण यहां आवागमन काफी बढ गया है, लेकिन रेल सुविधाएं नहीं है। सभी प्लेटफॉर्म पर समुचित प्रकाश व्यवस्था, आरक्षित दर्जेनुसार यात्री प्रतीक्षालय, सभी प्लेटफॉर्म पर बोगी एवं ट्रेन संकेतक, पेयजल और टॉयलेट की सुविधा, इंदौर से काचीगुडा ट्रेन का स्टॉपेज पांढुर्ना में देने, बंद दादाधाम एक्सप्रेस को नागपुर से व्हाया इटारसी मुंबई तक चलाया जाए इत्यादि मांगे की। शास्त्री वार्ड के पार्षद लोचन खवसे ने रेलवे स्टेशन के छोर पर स्थित हनुमान प्रसाद दुबे के घर से गुजरखेडी रोड (गायत्री कालोनी) तक फुटओवर ब्रिज या अंडरपास बनाने की मांग की। रेलवे लाईन की दूसरी ओर शास्त्री वार्ड, गायत्री कालोनी, सुभाष वार्ड, जवाहर वार्ड, गुजरखेडी, करवार, दाढीमेटा और पवारढाना गांव से लगभग 15000 लोग प्रतिदिन आनाजाना करते है। पार्षद लोचन खवसे ने रेलवे जीएम विवेक कुमार गुप्ता, मुंबई को इस आशय का मांगपत्र सौंपा है।

### सुशासन दिवस पर अधिकारी-कर्मचारियों ने ली शपथ



**पांढुर्णा।** आज 24 दिसंबर को सुशासन दिवस पर जिले के विभिन्न शासकीय कार्यालयों में सुशासन के प्रति प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने शपथ ग्रहण की। कलेक्ट्रेट में अपर कलेक्टर नीलमणि अग्निहोत्री द्वारा स्टाफ का शपथ दिलाई गई। इस मौके पर संयुक्त कलेक्टर नेहा सोनी, डिप्टी कले. प्रियंक मिश्रा, सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। इसी क्रम में तहसील कार्यालय में तहसीलदार विनय प्रकाश ठाकुर, विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में बीईओ एच.बी. हांडे, नगरपालिका कार्यालय पांढुर्ना में सीएमओ आर.के. इवनाती तथा जनपद पंचायत सौंसर में अपने अधिनस्थ अधिकारी एवं कर्मचारियों को सुशासन शपथ दिलाई गई।

## आठ दिवसीय सिद्धचक्र महामंडल विधान का शुभारंभ आज से

**छिंदवाड़ा।** आज गुरुवार 25 दिसंबर के शुभ दिन 1 जनवरी 2026 तक चलने वाले श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान का भव्य शुभारंभ श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जिनालय नई आबादी गांधी छिंदवाड़ा में होगा।आठ दिवसीय महोत्सव को कराने का सौभाग्य जिनशासन सेवक मोतीलाल सुबोध कुमार, सुधीर कुमार जैन भैयाजी परिवार के साथ श्री दिगंबर जैन मुमुक्षु मंडल एवं अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन को प्राप्त हुआ है। जिनके आमंत्रण पर राष्ट्रीय स्तर के विद्वतगण छिंदवाड़ा पधार चुके हैं और उनके मंगल सानिध्य में यह आठ दिवसीय अनुष्ठान होगा।आज निकलेगी घट यात्रा -फेडरेशन सचिव दीपक राज जैन ने बताया कि आज गुरुवार को प्रातः 7.30 बजे घट यात्रा का शुभारंभ मुख्य आयोजक मोतीलाल सुबोध कुमार जैन के निज निवास सिवनी रोड रेल्वे स्टेशन के सामने से गांधी गंज लाइब्रेरी होते हुए नई आबादी पार्श्वनाथ जिनालय पहुंचेगी जहां 08:00 बजे ध्वजारोहण एवं श्री मंडप का उद्घाटन होगा पश्चात 08:15 से श्रीजी का प्रक्षाल एवं मंगल कलश स्थापना कर श्री जिनेंद्र पूजन एवं श्री सिद्धचक्र विधान का शुभारंभ होगा। दोपहर 3 बजे से तत्व गोष्ठी रात्रि - 7 बजे से पाठशाला, 7.45 से श्री जिनेंद्र भक्ति, 8:30 से प्रवचन एवं 9:30 बजे से विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे जिसमें सम्मिलित होकर धर्म लाभ लेने की अपील सकल जैन समाज से आयोजक भैयाजी परिवार के साथ दिगंबर जैन मुमुक्षु मंडल, अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन, प्रियकारिणी मंडल, मुमुक्षु युवा मंडल, वृंद बालिकाएं एवं वीतराग विज्ञान पाठशाला द्वारा की गई है।

## अनुभूति शिविर का हुआ आयोजन,120 स्कूली बच्चों ने की सहभागिता



**बिछुआ।** बिछुआ आदिवासी विकासखंड में मंगलवार को मुख्य वन संरक्षक, वनवृत्त छिंदवाड़ा एवं पूर्व वनमंडल सामान्य छिंदवाड़ा के निर्देशन तथा उपवनमंडल अधिकारी छिंदवाड़ा अनादि बुधौलिया के मार्गदर्शन में वन परिक्षेत्र बिछुआ अंतर्गत देवस्थान शंकरवन धाम में एक दिवसीय अनुभूति शिविर 2025-26 का आयोजन किया गया।इस शिविर में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तुमडागड़ी एवं शासकीय हाई स्कूल सामरबोह के कुल 120 छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान मास्टर ट्रेनर रामदास उईके, शुभम चौहान एवं अंबुलता गोप द्वारा विद्यार्थियों को प्रकृति पथ पर भ्रमण कराते हुए वन, वन्यप्राणी, जैव विविधता एवं पर्यावरण संरक्षण के महत्व की जानकारी दी गई।शिविर में बच्चों को प्रकृति की प्रत्यक्ष अनुभूति कराई गई। पक्षी दर्शन, वन्यजीवों की भूमिका, इको-सिस्टम के संतुलन, जल-जंगल-जमीन के संरक्षण जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। प्रकृति पथ पर पर्यावरण आधारित खेल, स्वल्पाहार के पश्चात दोपहर भोजन एवं ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विजयी विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए गए।इस वर्ष अनुभूति कार्यक्रम की थीम "हम हैं धरती के दूत" एवं "मैं भी बाघ हूँ – हम हैं बदलाव" पर आधारित रही। कार्यक्रम के अंत में बच्चों द्वारा बाघ संरक्षण थीम पर सामूहिक गायन किया गया तथा पर्यावरण संरक्षण की शपथ लेकर कार्यक्रम का समापन किया गया।वन परिक्षेत्र अधिकारी श्रीमती करिश्मा शेख ने अपने उद्बोधन में कहा कि आधुनिक युग में बच्चे प्रकृति से दूर होते जा रहे हैं। जब तक बच्चे प्रकृति को समझेंगे नहीं, तब तक उसके संरक्षण के लिए प्रेरित नहीं होंगे। ऐसे कार्यक्रम बच्चों को प्रकृति से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।कार्यक्रम के समापन अवसर पर शिक्षक समुदाय ने वन विभाग की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविर विद्यार्थियों के मानसिक, बौद्धिक एवं पर्यावरणीय विकास में सहायक सिद्ध होते हैं।कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष श्री सतीश भलावी, सरपंच श्रीमती स्याही रामाधार, वन परिक्षेत्र अधिकारी करिश्मा शेख, वनपाल रामकृष्ण गोदेवार, उपवन क्षेत्रपाल विनोद मर्सकोले, वनपाल सुनील बनवारी, राजकुमार खंडाते, अजमेर सिंह उईके, रामकिशन गोदेवार, वनरक्षक शीवेन्द्र इवनाती, नाजुकशा धुर्वे, रामदास उईके सहित विद्यालय के शिक्षक, वन विभाग के कर्मचारी एवं पत्रकारगण उपस्थित रहे।

# सांसद साहू ने किया संत जगनाडे महाराज प्रतिमा का अनावरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

आज 24 दिसंबर को स्थानीय साप्ताहिक बाजार चौक में तेली समाज संगठन द्वारा आयोजित कार्यक्रम के अंतर्गत सांसद बंटी उर्फ विवेक साहू ने श्री संत जगनाडे महाराज की प्रतिमा का धूमधाम से अनावरण किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक निलेश उईके तथा तेली समाज संगठन अध्यक्ष भूषण केवटे मौजूद रहे।

इसके पूर्व समाज की ओर से एक शोभायात्रा निकाली गई जो श्रीराम मार्केट, गुजरीबाजार, ब्राम्हणी, समता कॉलेज, पंचशील चौक, श्री छत्रपति चौक, तीन शेर चौक और जयस्तंभ चौक होते हुए आयोजन स्थल पर पहुंची। इस मौके पर सांसद बंटी साहू ने कहा कि समाज के लोगों के सहयोग एवं निरंतर प्रयास के कारण ही महान संत की प्रतिमा स्थापना हुई है। विधायक निलेश उईके ने कहा कि श्री संत जगनाडे महाराज तेली समाज के आराध्य संत है और इनके प्रतिमा की स्थापना गर्व की बात है।

इस अवसर पर तेली समाज संगठन अध्यक्ष भूषण केवटे ने कहा कि पांढुर्ना में स्थापित की गई श्री संत जगनाडे महाराज की पहली प्रतिमा है। इन्होंने समाज बंधुओं को सहयोग और उपस्थिति के लिए धन्यवाद दिया।

### भोले बाबा की निकली बारात, जमकर झूमे बाराती

**जुन्नारदेव।** जुन्नारदेव विकासखंड अंतर्गत ग्राम रिछेड़ा स्थित हनुमान मंदिर परिसर में चल रही संगीतमय श्री राम कथा का तृतीय दिवस श्रद्धा और भक्ति से परिपूर्ण रहा। इस अवसर पर बाबा भोलेनाथ की भव्य बारात बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ निकाली गई। बारात में भगवान शिव की झांकी आकर्षण का केंद्र रही, ढोल-नगाड़ों व भक्ति संगीत से पूरा ग्रामीण क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया।कार्यक्रम में गांव के सभी श्रद्धालु महिला-पुरुष, युवा एवं बच्चे बड़ी संख्या में शामिल हुए और भक्ति भाव से कथा का आनंद लिया। कथा व्यास पं. बिहारीलाल शास्त्री द्वारा भगवान शिव से जुड़ी प्रेरक कथाओं का सुंदर वाचन किया गया। उन्होंने भगवान शिव और माता पार्वती विवाह की कथा का बखान तीसरे दिन किया। कथा का वचन प्रतिदिन दोपहर 1 से शाम 5 और रात्रि 8 से 11:00 तक किया जा रहा है आयोजन समिति ने क्षेत्र के समस्त श्रद्धालुओं से कथा का रसपान कर धर्म लाभ अर्जित करने की अपील की है।



# निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का बड़ोसा में हुआ आयोजन



**बिछुआ।** विकासखंड बिछुआ अंतर्गत ग्राम बड़ोसा में सामुदायिक उप स्वास्थ्य केंद्र में स्थानीय क्षेत्रवासियों की स्वास्थ्य आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए बड़ोसा में एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया,शिविर में विभिन्न विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने मरीजों की निशुल्क जांच,परामर्श,तथा आवश्यक दवाइयों का वितरण किया। कार्यक्रम की शुरुवात अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती की पूजन कर किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से,जिला मंत्री लक्ष्मीकांत गोलू नागरे, मंडल महामंत्री विजेंद्र सिंह दीक्षित,वरिष्ठ नेता मारुति कोचे, नगर परिषद उपाध्यक्ष मंगलेश दुबे,हरिशचंद जंबोलकर,प्रशांत ठोसरे,सरपंच राजेंद्र परतेती,पार्षद अनिल कुर्मी,भारत धावड़े,बलदेव बोबडे,भीमराव परतेती,हिम्मत राम सोनी,रामकुमार वर्मा,यदुराज रघुवंशी,रामदयाल मिनोते,निवृत्ति उपासे,गुणवंत ठोसरे,परमानंद उपासे,प्रकाश सरयाम, किसन बोसम,देवेंद्र राउत,महेंद्र कोचे,राजू धुर्वे,सुनील कोचे,बीएमओ नीलेश सिद्धाम समेत स्थानीय कार्यकर्ता,छात्र छात्राये शिक्षक गण,रोजगार सहायक,सचिव एवं कार्यकर्ता बंधु एवं मातृशक्ति कर्मचारी मौजूद रहे।

# नांदी के रोजगार सहायक का हुआ निधन, गांव में छाया मातम

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** विकासखंड कटंगी के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत नांदी के रोजगार सहायक जितेंद्र भूरे का अल्पायु में निधन हो गया। वह बीते कुछ समय से लगातार अस्वस्थ्य चल रहे थे। नागपुर के एक निजी अस्पताल में उपचार के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। बुधवार की सुबह करीब 6 बजे उनके पार्थिव शरीर को ग्राम नांदी लाया गया। रोजगार सहायक के निधन के बाद पूरे गांव में मातम छाया हुआ है। ग्रामीणों ने रोजगार सहायक के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। वही रोजगार सहायक संघ और ग्राम पंचायत सचिव संघ, सरपंच संघ ने भी रोजगार सहायक के निधन पर दुख जाहिर किया है। एक साथी रोजगार सहायक ने बताया जाता है कि जितेंद्र भूरे कार्य की अधिकता से बहुत अधिक परेशान रहता था। इसी वजह से उसकी तबीयत बिगड़ी थी।



जिसके उपचार में बहुत अधिक खर्च हो रहा था और इसी वजह से वह आर्थिक रूप से भी कमजोर हो गया था। रोजगार सहायकों की माने तो सरकार उनसे पंचायत से लेकर अन्य सभी प्रकार के काम तो पूरा करवा रही है लेकिन को समय पर मासिक वेतन नहीं दे रही है। जिससे रोजगार सहायकों की आर्थिक स्थिति कमजोर हो जाती है उनके सामने परिवार के पालन पोषण का संकट खड़ा हो जाता है। जितेंद्र भूरे भी कुछ इसी तरह के संकट से गुजर रहे थे। दोपहर ढाई बजे शव का अंतिम संस्कार किया गया।

# खुशखबरीः बालाघाट को सात बुद्ध प्रतिमाओं का अमूल्य दान

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

त्रिपिटक चैंटिंग के पावन मंच पर, बोधगया महाविहार में विश्व भर से आए बौद्ध भिक्षुओं की दिव्य वाणी में गूँजते त्रिपिटक के सुत्तो के बीच 20वें इंटरनेशनल त्रिपिटक चैटिंग समारोह में कुल 220 बुद्ध प्रतिमाओं का दान हुआ। जो करुणा, शांति और ज्ञान का प्रतीक हैं। और इनमें से पूज्य भंते विनय रक्खीता महाथेरो जी द्वारा अलोका ट्रस्ट के माध्यम से तीन एवं पूज्य भिक्खुनी साक्य धम्मदीन्ना जी द्वारा बोधिपक्खिय धम्म फाउंडेशन के माध्यम से चार, कुल सात अमूल्य बुद्ध प्रतिमाएं हमारी प्यारी धरती,बालाघाट जिले को निःशुल्क दान स्वरूप प्राप्त हुईं। यह केवल मूर्तियाँ नहीं, बल्कि श्रद्धा, करुणा और निर्वाण की कामनाओं का मूर्त रूप हैं। ये सभी फाइबर से निर्मित,भीतर से सुत्तों से आलोकित



हैं। हर प्रतिमा के भीतर कपड़ा जैसे किसी शांतिमय संदेश की झील हो — उस पर लिखे विभिन्न सुत्त-सन्देश हमारे मन को छूते हैं, त्रिपिटक चैंटिंग के दौरान बोधगया महाविहार में विश्व के वरिष्ठ बौद्ध भिक्षुओं द्वारा की गई विशेष पूजा ने इन प्रतिमाओं को एक अद्वितीय आध्यात्मिक आभा दी है। ये केवल मूर्तियाँ नहीं, बल्कि आशा, शांति और समर्पण के प्रतीक बनकर उभरी हैं। इनकी छाया में बैठकर ध्यान करने मात्र से मन को अपार शांति और करुणा की अनुभूति होगी। बालाघाट के विहारों के लिये पूर्णतः निःशुल्क दान स्वरूप प्राप्त हुई ये सात प्रतिमाएँ अब हमारे समुदाय की आध्यात्मिक संपदा बनेंगी। बालाघाट के विहारों में इन सात प्रतिमाओं की स्थापना से हमारे क्षेत्र में धम्म की ज्योति और प्रज्वलित होगी। यह दान केवल प्रतिमाओं का नहीं, बल्कि विश्व शांति, करुणा और एकता का संदेश है। बोधगया की उस पवित्र ऊर्जा का अंश अब बालाघाट में विराजमान होगा। यह पुण्य सभी दानदाताओं, आयोजकों और सहयोगियों को समर्पित है।उपरोक्त प्रतिमाओं का वितरण जिला बौद्ध संघ एवं रमाताई महिला बौद्ध संघ के तत्वावधान में पूज्य भंते विनयरक्खीता जी महाथेरो, अलोका ट्रस्ट एवं पूज्य भिक्खुनी साक्य धम्मदीन्ना जी, बोधिपक्खिय धम्म फाउंडेशन की उपस्थिति में पंचशील बुद्ध विहार बूढ़ी बालाघाट में समारोह आयोजित कर जल्द किया जावेगा। उक्ताशय की जानकारी रमाताई महिला बौद्ध संघ की अध्यक्ष श्रीमती नीता हिरकने दी।

### जे डी डब्ल्यू ए की सभा में लिए गए विभिन्न निर्णय

# संजय अग्रवाल प्रदेश उपाध्यक्ष व राकेश सोनी व मोहित सुरेश येरपुड़े प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** ज्वेलर्स डेवलपमेंट वेलफेयर एसोसियेशन मध्यप्रदेश की प्रदेश कार्यकारिणी की सभा प्रदेश के आष्टा में सम्पन्न हुई। इस बैठक में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए हुए पदाधिकारियों व कार्यकारिणी सदस्यों ने भाग लिया। सभा में सराफा एसोसियेशन वारासिवनी के सचिव संजय अग्रवाल को प्रदेश उपाध्यक्ष तथा पूर्व अध्यक्ष राकेश सोनी व सहसचिव मोहित सुरेश येरपुड़े को प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मनानोत किया गया।



एसोसियेशन के प्रदेश उपाध्यक्ष संजय अग्रवाल व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मोहित सुरेश येरपुड़े ने सभा के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों से लगभग 60 पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्य शामिल हुए। सभा में संगठन के कार्य क्षेत्र के विस्तार, ज्वेलरी व्यापारियों के हितों से जुड़े मुद्दों पर ठोस रणनीति निर्माण तथा वर्ष 2026 में प्रस्तावित वार्षिक सम्मेलन की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। सभा में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी वार्षिक सम्मेलन भोपाल में आयोजित होगा।

सभा में कार्यकारिणी सदस्यों ने संगठन को तहसील स्तर तक मजबूत करने की आवश्यकता पर विशेष बल दिया। इसके अंतर्गत जिला व तहसील स्तर पर संगठनात्मक ढॉचे को सुदृढ़ करने, स्थानीय व्यापारियों से प्रत्यक्ष संवाद स्थापित करने और संस्था की पहुँच जमीनी स्तर तक ले जाने के लिए ठोस प्रयास किए जाने का निर्णय लेने के साथ सदस्यता अभियान को व्यापक रुप से विस्तार देने पर सहमति बनी।

सभा में प्रदेश में कुछ फर्जी संगठनों द्वारा मध्यप्रदेश सराफा एसोसियेशन के नाम के दुरुपयोग पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए विचार करते हुए संस्था का नाम पूर्व परंपरा के अनुरुप ज्वेलर्स डेवलपमेंट वेलफेयर एसोसियेशन मध्यप्रदेश(मध्यप्रदेश सराफा एसोसियेशन) के रुप में अंकित किया जायेगा, ताकि संगठन की वैधानिक पहचान स्पष्ट रहे और किसी भी प्रकार की भ्रम की स्थिति समाप्त हो।

### शिकायतकर्ता, सरपंच सचिव और मॉयल कर्मचारी का लिया कथन, बैंक से लिया स्टेटमेंट

# जांच टीम ने पाया तिरोड़ी में हुआ भ्रष्टाचार

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** बालाघाट जिले की जनपद पंचायत कटंगी की ग्राम पंचायत तिरोड़ी में शासकीय योजना में आर्थिक अनियमितता और फर्जी बिलों का भुगतान हुआ है। पहली नज़र में यह बात जांच टीम ने साफ कर दी है। गत दिवस कलेक्टर कार्यालय में आयोजित होने वाली जन सुनवाई और जिला पंचायत कार्यालय में ग्राम पंचायत तिरोड़ी की शिकायत की गई थी। इसी शिकायत के आधार पर जिला पंचायत परियोजना अधिकारी के निर्देशन में दो सदस्यों का एक जांच दल गठित किया गया। यह जांच दल मंगलवार को तिरोड़ी पहुंचा। जांच दल ने सबसे पर मॉयल के उन कर्मचारियों के बयान दर्ज किया जिन्हें ग्राम पंचायत के द्वारा गलत तरीके से मजदूर बन कर सरकारी राशि का भुगतान कर दिया गया। दरअसल, ग्राम पंचायत के द्वारा मॉयल में पदस्थ कर्मचारियों को पंचायत के कार्य में मजदूर बनाकर उन्हें भुगतान किया गया। जांच दल ने बैंक पहुंचकर मॉयल कर्मचारियों के बैंक खातों के स्टेटमेंट भी लिए हैं।




जांच दल ने सरपंच फौजिया खान, पंचायत सचिव सहित शिकायतकर्ता के भी बयान लिए हैं। सरपंच सचिव पर यह आरोप है कि उनके द्वारा फर्जी बिलों का भुगतान किया गया है। मॉयल में पदस्थ कर्मचारियों को पंचायत का मजदूर बनकर मजदूरी का भुगतान किया गया है। इसके अलावा नल जल योजना के अधूरे होने के बाद भी ठेकेदार को एनओसी प्रदान कर दिया गया और इसी अधूरी नल जल योजना पर पंचायत की राशि व्यय की गई। जांच दल में शामिल सहायक लेखा अधिकारी आर.के.राय और परियोजना अधिकारी निशांत कोल ने अपनी जांच में पाया है कि पंचायत की महिला सरपंच और पंचायत सचिव के द्वारा गलत तरीके से सरकारी योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। सरपंच ने अपने कथन में अधूरी पड़ी नल जल योजना के बावजूद ठेकेदार को एनओसी प्रदान करने की बात कबूल कर रही है। तिरोड़ी पंचायत में पहला मामला पंचायत के द्वारा कचरा नष्ट करने के लिए क्रय की गई दवाईयों की खरीदी से जुड़ा हुआ है। पंचायत ने कम दाम की दवाई को अधिक दाम में खरीदा है। अगासे कृषि केंद्र नाम की दुकान से यह दवाईयां क्रय की गई है। बिल के शिकायतकर्ता ने पंचायत दर्पण में दर्ज बिल के अनुसार शिकायत दर्ज करवाई है जिसमें बताया गया है कि ग्लायफोसेट नाम की कचरा नष्ट करने की इस यह के 100 ग्राम पैकेट की कीमत 170 सौ रुपए है पंचायत ने 4 किलो दवा खरीदी है जिसका भुगतान 18 हजार रुपए किया गया है। यह भुगतान दवा के वास्तविक मूल्य 6 हजार 800 रुपए है। इसी बिल में एक और दवा टैग क्विट भी दर्ज है जिसका खरीदी के हिसाब से अधिक का बिल बनता है किंतु कम का भुगतान दर्शाया गया है।शिकायतकर्ता ने बताया कि तिरोड़ी पंचायत ने डोंगरी बुर्जूग में पदस्थ वीरेन्द्र कुमार मेश्राम नाम के कर्मचारी को मजदूर बना दिया और उसके नाम से भुगतान भी किया गया है। शिकायतकर्ता का कहना है कि दोषियों के खिलाफ तत्काल उचित कार्रवाई होनी चाहिए ताकि पंचायत के जिम्मेदार लोग सरकारी योजनाओं और सरकारी राशि का दुरुपयोग ना करें।

### गणित के क्षेत्र में भारतीय ज्ञान परंपरा का अवदान विषय पर संगोष्ठी का हुआ आयोजन

# शासकीय महाविद्यालय में मनाया गया "राष्ट्रीय गणित दिवस"



हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

शासकीय शंकर साव पटेल महाविद्यालय वारासिवनी में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के अंतर्गत दिसंबर माह की गतिविधि में महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती का आयोजन राष्ट्रीय गणित दिवस के रूप में महाविद्यालय के इंदिरा कक्ष में आयोजित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम का शुभारंभ मॉ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। दीप प्रज्वलन की बेला पर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ0 एस0 एस0 गेडाम, वरिष्ठ प्राध्यापिका डॉ0 सरिता कोल्हेकर विभागाध्यक्ष राजनीतिशास्त्र, कार्यक्रम प्रभारी डॉ0 पूर्णिमा कुमरे विभागाध्यक्ष वाणिज्य विभाग, प्रोफेसर सरिता नागवंशी, कार्यक्रम संयोजक कु0 आकांक्षा डोंगरे उपस्थित थे। इस अवसर पर छात्राओं द्वारा पोस्टर, रंगोली, निबंध आदि विधाओं में भाग लिया गया। मंचीय कार्यक्रमों में गणित के क्षेत्र में भारतीय ज्ञान परंपरा का अवदान पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ0 सरिता कोल्हेकर द्वारा दैनिक जीवन में गणित की उपयोगिता विषय पर चर्चा की गई। विभिन्न प्रतियोगिताओं में निर्णायक के रूप में श्रीमती मोनिका सोनी, सुश्री शिखा देवगिरकर, श्रीमती विनिता देशमुख, श्रीमती शिल्पा वासनिक, श्रीमती मनीषा सहारे, पराग पालेवार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ0 प्रवीण पन्द्रे, डॉ0 अनिरूद्ध सिंह काकोडिया, प्रो0 वी0के0 सिंह, प्रो0 हिमांशु गुरदे, डॉ0 टीना बिसेन शामिल थे। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन प्रो0 कृष्णा पराते तथा आभार प्रदर्शन कार्यक्रम प्रभारी डॉ0 पूर्णिमा कुमरे द्वारा किया गया।

## वीर बाल दिवस के अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों में जागरूकता कार्यशालाओं का आयोजन

**बालाघाट।** भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग के निर्देशानुसार वीर बाल दिवस के अवसर पर जिले में विभिन्न विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसी क्रम में वन स्टॉप सेंटर द्वारा माता शबरी आवासीय कन्या शिक्षा परिसर बालाघाट, विकासखंड कटंगी के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जाम एवं नवेगांव, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जरामोहगांव, विकासखंड खैरलांजी के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गजपुर तथा विकासखंड बिरसा के मड़ई पब्लिक स्कूल एवं शासकीय माध्यमिक विद्यालय छपला बिरसा में कार्यशालाएं आयोजित की गईं। कार्यक्रमों के दौरान विद्यार्थियों के लिए वाद-विवाद प्रतियोगिता एवं तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

**खबर संक्षेप**

## सुशासन सप्ताह अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज सिवनी।प्रभारी कलेक्टर अनिल कुमार राठौर की अध्यक्षता में 19 से 25 दिसम्बर तक आयोजित हो रहे सुशासन सप्ताह के अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जिले के समस्त विभागों द्वारा अपने-अपने विभाग की बेस्ट प्रैक्टिसेस, नवाचारों एवं सफल योजनाओं से संबंधित उपलब्धियों की जानकारी दी गई।

इस अवसर पर कृषि विभाग द्वारा नरवाई प्रबंधन, राजस्व विभाग द्वारा डिजिटल गवर्नेंस, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान, उद्यानिकी विभाग द्वारा एक जिला एक उत्पाद अंतर्गत सीताफल की ब्रांडिंग एवं जीआई टैग दिलाने हेतु किए जा रहे प्रयासों की जानकारी प्रस्तुत की गई। प्रभारी कलेक्टर अनिल कुमार राठौर ने अधिकारियों को सुशासन सप्ताह के दौरान आयोजित हो रहे शिविरों में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर प्राप्त आवेदनों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने सीपीग्राम में प्राप्त शिकायतों के प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश भी दिए।

# संसाधन विभाग के कर्मचारी विभिन्न मांगों को लेकर धरने पर बैठे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केवलारी।

संजय सरोवर परियोजना भीमगढ़ बांध के डिवीजन कार्यालय के सामने जल संसाधन विभाग के कर्मचारी दिनांक 22 दिसंबर 2025 से अनशन पर बैठे हुए हैं ।दैनिक वेतन भोगी स्थाई कर्मियों के पेट्रोलिंग भत्ता का भुगतान, एरियस का भुगतान, ग्रैजुयेटि का भुगतान एवं न्यायालयीन आदेश में शामिल छठवें वेतनमान की सूची के कर्मचारीयों को भुगतान के विषयों को लेकर अनशन रत है।

कर्मचारीयों के धरना स्थल पर आज दिनांक 24.12.2025 को रमाशंकर महोबिया ,अशोक बंदेवार पत्रकार एवं पी एन नाग कार्यपालन यंत्री जल संसाधन विभाग, देवेंद्र डेहरिया एसडीओ , के के सनोडिया एसडीओ ने पहुंचकर कर्मचारीयों से चर्चा की चर्चा उपरांत कर्मचारीयों ने बताया कि दैनिक वेतन भोगी (स्थायी कर्मी) / नियमित/ कार्यभारित कर्मचारियों की प्रमुख



मांगें प्रेट्रोलिंग भत्ता, ऐरियर्स राशि ,स्टेशनरी बिलों का भुगतान, यात्रा भत्ता का भुगतान ,न्यायालय के निराकरण केशों का भुगतान, इन्क्रीमेंट ऐरियर्स राशि का भुगतान ,गैज्युटी वेतन अंतर राशि का भुगतान, समयमान वेतनमान का भुगतान भुगतान नहीं हो रहे हैं इसलिए हम लोग अनशन कर रहे हैं।हम लोग नेहरो केनालो में पेट्रोलिंग करते हैं रात भर जागते हैं घूमते हैं अपनीमोटरसाइकिलो मे पेट्रोल डीजल खुद का खर्चा करते हैं लेकिन विभाग हमारा भुगतान नहीं दे रहा है, बीते 2011 से पेट्रोलिंग का भुगतान नहीं हुआ है ।

धरना स्थल पर मौजूद पी एन नाग कार्यपालन यंत्री ने बताया की मैंने वर्तमान 2023-24 का पेट्रोलिंग का देयक भुगतान के लिए जारी कर दिया जो ट्रेजरी में पहुंच चुका है जिसका भुगतान एक-दो दिन में संभवत हो जाएगा एवं साथ में टीए के बिलों का देयक भी ट्रेजरी पहुंचा दिया गया। अमीनो के यात्रा भत्ता देयको को कार्यालय में खोजा रहा है क्योंकि ये देयक बिल पुराने है पहले के अधिकारी कर्मचारीयों के द्वारा रखे गए हैं।उनके मिलते ही भुगतान के लिए उन्हें भी भेज दिया जाएगा। कर्मचारीयों की स्टेशनरी का एलॉटमेंट नहीं है अधीक्षण यंत्री महोदय को लेख किया गया है, एलॉटमेंट आते ही भुगतान कर दिया जाएगा।

### इनका कहना है

अधीक्षण यंत्री बेनगंगा कक्षार सिवनी से दुरभाष पर चर्चा करते हुए उन्होंने कर्मचारियों की हड़ताल के विषय में बात किया तो उन्होंने भी कर्मचारीयो को आश्वस्त करते हुये कहा कि आपकी लंबित मांगों के बिषय में पी एन नाग कार्यपालन यंत्री ने अवगत करा दिया है। जिसका निराकरण कर दिया जायेगा । कर्मचारीयो से कहा कि सिंचाई का सीजन है आप लोग अनशन बापिस ले ले ओर काम पर बापिस जाये ।इस पर धरना प्रदर्शन कर रहे कर्मचारीयों ने कहा कि मांगे पुरी नही होने तक काम में वापिस नहीं जायेगें।

# 33 केवी लाइन पर कार्य करते मजदूर को लगा करंट, गंभीर घायल

**मोहगांव स्थित अडानी कंपनी के 132 केवी सब स्टेशन से विद्युत वितरण केंद्र बादलपार को जाने वाली 33 केवी लाइन पर कार्य के दौरान करंट फैलने से एक मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। यह हादसा बुधवार सुबह थावरझोड़ी डेम के पास हुआ।**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिवनी।

जानकारी के अनुसार सौरभ कुशवाहा पिता कमोद (उम्र लगभग 28 वर्ष) निवासी जीराकोर ललितपुर (पी) लाइन सुधार कार्य के दौरान जैसे ही खंभे पर चढ़ा, अचानक तेज करंट की चपेट में आ गया और नीचे गिर पड़ा। हादसे में उसके पैर, कमर एवं जांघ बुरी तरह झुलस गए। साथ में काम कर रहे मजदूरों ने उसे तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर जबलपुर रेफर किया गया।

मजदूरों ने बताया कि पिछले करीब 25 दिनों से उक्त 33 केवी लाइन पर कार्य चल रहा था। प्रतिदिन की तरह मंगलवार को भी वे काम करने पहुंचे थे, लेकिन कार्य अधूरा होने के बावजूद अचानक लाइन में विद्युत सप्लाई चालू कर दी गई, जिसकी जानकारी मजदूरों को नहीं दी गई।

घटना के बाद विभागीय लापरवाही को लेकर सवाल उठ रहे हैं। मजदूरों ने आरोप लगाया कि सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं थे तथा कार्यरत मजदूरों को लाइन चालू होने की सूचना नहीं दी गई। इससे पहले भी क्षेत्र में करंट से मजदूरों के घायल और मौत के मामले सामने आ चुके हैं। बताया गया कि उक्त लाइन पर कार्य नरसिंहपुर की गिरिराज एसोसिएट्स कंपनी द्वारा कराया जा रहा है। इस संबंध में सहायक यंत्री प्रमोद करोले ने बताया कि मजदूर के झुलसने की जानकारी मिली है और मामले की जांच की जा रही है।

# फरार चल रहे अभियुक्त को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता अपराधों की रोकथाम के खिलाफ न केवल सख्त है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिवनी।

अपितु प्रभावी कार्यवाही हेतु निर्देश प्राप्त हुए हैं एएसपी दीपक मिश्रा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस श्रीमती श्रृध्दा सोनकर के मार्गदर्शन में कोतवाली पुलिस द्वारा शहर में गुंडागर्दी कर हत्या का प्रयास करने वाले 01 अभियुक्त को गिरफ्तार किया हैं।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 21/12/2025 को शाम 04/00 बजे अभियुक्तगण अभिषेक बघेल, सुमित बघेल एवं उमेश बघेल निवासी देवकरणटोला थाना केवलारी द्वारा रंजिशवश एक राय होकर प्रार्थी अभिषेक बघेल एवं उसके छोटे सुमित बघेल के साथ लोहे की राड़ से मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने पर उक्त अभियुक्तो के विरुध्द 296 (बी), 115(2),118(1),109(1),3(5) बीएनएस का अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया एवं दिनांक 23/12/2025 को पटना के बाद से फरार चल रहे आरोपी उमेश बघेल के ब्लूबेरी रेस्टोरेन्ट ग्राम लूघरवाडा में होने की सूचना मिलने पर तत्काल टीम गठित कर घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा कर गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहां से आरोपी को न्यायिक हिरासत में जिला जेल सिवनी में दाखिल किया गया है।

### गिरफ्तार आरोपी

उमेश उर्फ बिट्टू बघेल पिता केवलसिंह बघेल उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम देवकरण टोला धाना केवलारी जिला सिवनी।

### विशेष भूमिका

थाना प्रभारी कोतवाली श्री सतीश तिवारी, उनि देवेन्द्र उइके, राहुल काकोडिया, सउनि संतोष बैन, प्र.आर. नवीन तिवारी, मुकेश गोंडाने, आरक्षक अजेन्द्र पाल, विनय सेंगर, संतोष साहू की विशेष भूमिका रहीं।

**आबकारी विभाग की कार्यवाही**

# शराब स्मग्लिंग मामले में बरघाट का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिवनी।

दिनांक 11/12/2025 को आबकारी विभाग सिवनी के उत्तर वृत्त की टीम के द्वारा एक मारुति वैगन आर कार क्रमांक MP 04 CF 6483 से छः पेटी विदेशी शराब का स्मग्लिंग करते एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया । मामले की विवेचना में आबकारी विभाग के सामने जो तथ्य आए उनके आधार पर आबकारी विभाग ने उक्त प्रकरण के मुख्य आरोपी अवधेश उर्फ आशु पांडे आत्मज जुगल किशोर पांडे उम्र 40 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 08, बजरंग चौक बरघाट जिला सिवनी को



बरघाट स्थित उसकी MP ONLINE शॉप से गिरफ्तार किया और माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर जुडिशियल रिमांड पर जेल भेजा गया है । ज्ञात हो कि दिनांक 11/12/2025 को आबकारी विभाग सिवनी के उत्तर वृत्त की टीम के द्वारा मेहरून कलर की एक मारुति वैगन आर कार क्रमांक MP 04 CF 6483 को रोककर उसकी तलाशी लिए जाने पर कुल 06 पेटियों में 72 बोतल विदेशी शराब बरामद की गई थी जिसकी मात्रा 54.0 बल्क लीटर है । बरामद शराब में 24 बोतल बकार्डी ब्लैक रम , 12 बोतल मैकडॉवेल नंबर 1 रम , 12 बोतल रॉयल स्टैग व्हिस्की , 12 बोतल माइलस्टोन ब्लू व्हिस्की , 12 बोतल ऑफिसर्स च्वाइस व्हिस्की सहित कुल 72 बोतल विदेशी शराब है जिसे आबकारी विभाग द्वारा परिवहन में उपयोग की जा रही कार सहित जप्त कर आबकारी उत्तर वृत्त के अंतर्गत आरोपी युवक एहसान खान पिता शेख जमील उम्र 32 वर्ष निवासी अमीनगंज वार्ड नंबर 15 बरघाट के विरुद्ध मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा 34 (1) एवं 34(2) के तहत आपराधिक प्रकरण कायम कर मामले को विवेचना में लिया था । आरोपी को मौके से गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया है । आज इसी मामले के मुख्य सरगना अवधेश उर्फ आशु पांडे को आबकारी विभाग द्वारा बरघाट से गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है । मामले की आगे की विवेचना जारी है । आज की कार्यवाही में प्रणय श्रीवास्तव सहायक जिला आबकारी अधिकारी, सुश्री खुशबू प्रिया मरावी आबकारी उप निरीक्षक , आरक्षक लेखसिंह टेकाम , आनंद मरावी एवं संतराम मरावी, मुकेश अहिरवार एवं अर्चना इनवाती शामिल रहे हैं।

# राजस्व और नगर परिषद की मिली भगत से किसान की भूमि पर नगर परिषद ने बना दी सीसी रोड

## जनसुनवाई में दोषियों पर कार्यवाही की मांग

**छपारा ।** मामला नगर परिषद छपारा द्वारा वर्ष 2023 का नगर के वार्ड नंबर 3 शिवनगर का है जहां लगभग 1500 वर्ग फुट एक कृषक के खेतों में नगर परिषद द्वारा सी सी रोड निर्माण कार्य किया गया जिसमें कृषक की भूमि तो गई साथ ही पिछले तीन वर्षों से सीसी रोड के कारण उनके खेतों में रास्ता का पानी उचित निकासी न होने से जलजमाव होने से फसल बर्बाद हो रही हैं और कृषक को लगातार नुक्सान पहुंच रहा है।

उक्त मामले को कृषक ने जिला कलेक्टर से जनसुनवाई में न्याय के लिए शिकायत दर्ज कराई है वहीं संबंधित विभाग को 23 दिसम्बर मंगलवार को जल्द मामले में जांच एवं न्याय दिए जाने का आश्वासन दिया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार पूरा मामला नगर के माता वार्ड से निजी कालोनी से शनिचरी मोहल्ला के लिए 100 मीटर लंबी सीसी रोड निर्माण कार्य वर्ष 2023 का है जहां कृषक अंबर पाटर पिता स्वर्गीय प्रकाश पाटर आजाद



वार्ड छपारा निवासी द्वारा आरोप लगाया गया है कि नगर परिषद छपारा द्वारा उनकी निजी कृषि भूमि के लगभग 1500 वर्ग फुट में नगर परिषद छपारा द्वारा सीसी रोड निर्माण कार्य किया गया है जिसमें उनका बड़ा नुक्सान पहुंचा है और उक्त मामले पर संबंधित विभाग जल्द से जल्द जांच कर उचित समाधान निकाला जाए एवं उनकी कृषि भूमि पर सीसी रोड बना दिया गया जिसके कारण उनके तीन वर्षों के हुए नुकसान का उचित मुआवजा दिया जाए।

दरअसल नगर परिषद छपारा द्वारा उक्त भूमि पर बगैर राजस्व विभाग द्वारा निर्माण कार्य के पूर्व जरूरी जानकारी एवं दस्तावेज जुटाए आनन-फानन में सीसी रोड निर्माण कार्य कर दिया गया वहीं पीड़ित कृषक अंबर पाटर द्वारा उनकी कृषि भूमि के लिए प्रकरण दर्ज करवाया गया है।

### इनका कहना है

सीसी रोड नगर परिषद ने बनायी है किस खसरा रकवा में बनी ये राजस्व का मामला है।

**शिवकांत सिंह नगर परिषद उपाध्यक्ष छपारा**

# एफएमई योजना के अंतर्गत प्रकरणों की धीमी प्रगति पर प्रभारी कलेक्टर हुये नाराज

## जिलास्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक में बैंकिंग योजनाओं की प्रगति की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिवनी।

23 दिसम्बर को प्रभारी कलेक्टर श्री अनिल कुमार राठौर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिलास्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में सितम्बर तिमाही के दौरान जिले में बैंकिंग विकास की प्रगति की बैंकवार समीक्षा की गई। इस दौरान एनपीए की स्थिति, सीडी रेशो, आरआरसी वसूली तथा केसीसी वितरण की विस्तृत समीक्षा करते हुए प्रभारी कलेक्टर ने शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं के अंतर्गत समय-सीमा में अधिक से अधिक ऋण वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

प्रभारी कलेक्टर श्री राठौर ने वित्तीय वर्ष के अंतर्गत बैंकवार मुद्रा लोन के लक्ष्य एवं उपलब्धि की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि लक्ष्य के अनुरूप स्वीकृति एवं वितरण में किसी प्रकार की लापरवाही न हो। उन्होंने बैंक प्रतिनिधियों को लंबित प्रकरणों का त्वरित निराकरण कर पात्र हितग्राहियों को शीघ्र लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए।

राज्य आजीविका मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत स्व-सहायता समूहों के क्रेडिट लिंकिंग प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने लक्ष्यानुसार प्रकरण शीघ्रता से बैंकों में प्रस्तुत करने तथा बैंकों को लंबित वितरण प्रकरणों का तेजी से निपटारा करने के निर्देश दिए।

बैठक में उद्यानिकी विभाग की पीएम एफएमई योजना के अंतर्गत प्रकरणों की धीमी प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए प्रभारी कलेक्टर ने विभाग एवं बैंकर्स को लक्ष्य से अधिक प्रकरण प्रस्तुत कर पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए।

इसके साथ ही मत्स्य विभाग एवं पशुपालन विभाग की योजनाओं, विशेषकर केसीसी वितरण की समीक्षा करते हुए वितरण में अपेक्षित गति लाने के निर्देश दिए गए। आदिवासी वित्त विकास निगम तथा शहरीय विकास अभिकरण की हितग्राहीमूलक योजनाओं की भी समीक्षा कर लक्ष्यानुरूप प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में रिजर्व बैंक, नाबार्ड के अधिकारी, विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि एवं संबंधित विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

# केवल एफएक्यू मानक के अनुरूप धान का ही उपार्जन किया जाए



## प्रभारी कलेक्टर ने उपार्जन केंद्र डुंगरिया का किया निरीक्षण

**सिवनी,/** प्रभारी कलेक्टर अनिल कुमार राठौर ने सोमवार को उपार्जन केंद्र डुंगरिया पहुँचकर धान उपार्जन व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र पर उपलब्ध व्यवस्थाओं, किसानों की सुविधा, तौल प्रक्रिया एवं भंडारण की स्थिति का निरीक्षण किया। प्रभारी कलेक्टर ने उपार्जन केंद्र पर उपस्थित किसानों से चर्चा कर उनकी समस्याओं एवं सुझावों को सुना। उन्होंने उपार्जित धान का अवलोकन करते हुए गुणवत्ता की जांच की और निर्देश दिए कि केवल एफएक्यू मानक के अनुरूप धान का ही उपार्जन किया जाए। उन्होंने तौल कांटे के मानकों का विधिवत वेरिफिकेशन सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि उपार्जन प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता और निष्पक्षता बनाए रखी जाए, जिससे किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। निरीक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत श्रीमती अंजली शाह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जिला स्टेंडिंग कमेटी की बैठक में निर्वाचन नामावली का प्रारूप प्रकाशन

**सिवनी।** मंगलवार, 23 दिसम्बर को प्रभारी कलेक्टर श्री अनिल कुमार राठौर की अध्यक्षता में जिला स्टेंडिंग कमेटी की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों की निर्वाचन नामावली का प्रारूप प्रकाशन किया गया। बैठक में आयोग द्वारा जारी विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया गया कि प्रारूप मतदाता सूची के अनुसार विधानसभा बरघाट में 1 लाख 19 हजार 130 पुरुष, 1 लाख 19 हजार 282 महिला तथा 01 अन्य मतदाता सहित कुल 2 लाख 38 हजार 413 मतदाता पंजीकृत हैं। इसी प्रकार विधानसभा सिवनी में 1 लाख 34 हजार 656 पुरुष, 1 लाख 33 हजार 265 महिला एवं 06 अन्य मतदाता सहित कुल 2 लाख 67 हजार 927 मतदाता शामिल हैं। विधानसभा केवलारी में 1 लाख 30 हजार 711 पुरुष, 1 लाख 27 हजार 394 महिला एवं 01 अन्य मतदाता सहित कुल 2 लाख 58 हजार 106 मतदाता दर्ज हैं, जबकि विधानसभा लखनादौन में 1 लाख 49 हजार 438 पुरुष, 1 लाख 43 हजार 689 महिला एवं 03 अन्य मतदाता सहित कुल 2 लाख 93 हजार 130 मतदाता सम्मिलित हैं।

इस प्रकार जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों में कुल 5 लाख 33 हजार 935 पुरुष, 5 लाख 23 हजार 630 महिला तथा 11 अन्य मतदाता सहित कुल 10 लाख 57 हजार 576 मतदाता पंजीकृत हैं।

# ग्राम बटामा में राष्ट्रीय किसान दिवस अंतर्गत कार्यक्रम का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिवनी।

जय जवान, जय किसान का नारा देने वाले देश के पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय किसान दिवस का भव्य आयोजन ग्राम बटामा में किया गया। यह कार्यक्रम कृषि विज्ञान केंद्र, सिवनी एवं धर्मपाल सत्यपाल फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ। इस अवसर पर भारत सरकार के केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लाइव संबोधन के माध्यम से किसानों को राष्ट्रीय किसान दिवस की शुभकामनाएं दीं एवं कृषि क्षेत्र में नवाचार अपनाने का संदेश दिया।

कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र सिवनी के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. शेखर सिंह बघेल ने कहा कि राष्ट्रीय किसान दिवस हमारे अन्नदाता किसानों की मेहनत, समर्पण और कर्मठता के सम्मान का दिन है। उन्होंने बताया कि किसानों की समस्याओं के समाधान एवं खेती से जुड़ी तकनीकी जानकारी प्रदान करने के लिए कृषि वैज्ञानिक सदैव किसानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य कर रहे हैं। नवीनतम नवाचार, उन्नत बीज एवं आधुनिक तकनीकों के माध्यम से किसान बेहतर उत्पादन कर विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

**आदिवासी बाहुल्य विकासखंड लखनादौन के मढ़ी गांव में रहस्यमयी बीमारी का प्रकोप**

# स्कूल में अचानक बीमार होकर चीखने लगती है कई छात्राएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिवनी।

सिवनी जिले के आदिवासी बाहुल्य विकासखंड लखनादौन के मढ़ी गांव के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बीते दो माह से अंजान खौफ के कारण यहां पढ़ रहीं 146 छात्राएं स्कूल नहीं जा रही हैं। स्कूल में छात्राएं अचानक बीमार होकर चीखने लगती हैं। शनिवार को तो गांववालों ने यहां झाड़फूंक करने वाले को भी बुला लिया।

जांच करने पहुंची स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम सूत्रो से प्राप्त जानकारी अनुसार इस घटना के बाद सोमवार और मंगलवार को शिक्षा और स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम जांच के लिए पहुंची। लेकिन छात्राएं नहीं आई।टीम ने स्थानीय लोगों से भी चर्चा की। कुछ लोगों ने इसे बुरा साया बताया तो जागरूक नागरिकों का कहना है कि यह एक तरह का अंधविश्वास है। छात्राओं के मन मन में जो भ्रम है, उसे निकालना जरूरी है। इसलिए



फाईल फोटो



अधिकारियों को छात्राओं की कांउसलिंग करनी चाहिए।

सूत्रो से प्राप्त जानकारी अनुसार इस विद्यालय में मढ़ी सहित क्षेत्र के कई गांव के कक्षा 9वीं से 12वीं तक के 143 छात्र और 146 छात्राएं पढ़ते हैं। यहां पिछले 15 दिनों से छात्राएं अचानक बीमार पड़ जाती हैं और चीखने-चिल्लाने लगती हैं। ग्रामीणों ने बताया कि शनिवार को भी अचानक कुछ छात्राएं बीमार पड़ कर चीखने चिल्लाने लगीं, तो गांव के लोग एकत्रित हो गए।

अंधविश्वास में पड़े गांव के लोगों ने झाड़-फूंक शुरू करा दी।, जिससे दूसरी छात्राएं डरी हुई हैं। हैरानी की बात यह है कि यहां सिर्फ छात्राएं बीमार पड़ रही है, जबकि छात्रों को किसी तरह के कोई लक्षण नहीं है। जब उनको लखनादौन अस्पताल ले जाया गया तो उनका स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तो उनको किसी तरह की कोई बीमारी होना नहीं पाया गया है।

इस स्कूल परिसर में अवस्थाओं का आलम भी जमकर है। जहां 146 छात्राएं और 143 छात्र शिक्षक शिक्षिकाएं खुले में शौच को जाते हैं। स्कूल के बने शौचालय बदहाल पड़े हैं, पानी की कोई व्यवस्था नहीं है। विकासखंड अधिकारी को छात्रों और ग्रामीणों ने बताया कि स्कूल में शौचालय बेहाल पड़े हैं, पानी की कोई व्यवस्था नहीं है। कुल मिलाकर बीमारी से ज्यादा इस स्कूल में अव्यवस्थाओं का आलम है और जिम्मेदारों की लापरवाही है।

नहीं आई कोई छात्रा, स्वास्थ्य शिविर लगाएंगे

विकासखंड अधिकारी श्याम बदन बघेल और स्वास्थ्य विभाग की टीम स्कूली पहुंची। छात्रों से बात की, लेकिन 146 छात्राओं में से एक भी सोमवार को स्कूल नहीं पहुंची थी। वहीं अधिकारियों का कहना है कि हीमोग्लोबिन की कमी से कई बार छात्राएं बीमार पड़ जाती हैं। स्कूल में कैंप लगाकर स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाएगा।

## भाजपा की राजनीति, तानाशाही और समाज विभाजन : चंदन यादव

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सचिव एवं मध्य प्रदेश के सह-प्रभारी चंदन यादव का नगर मुख्यालय में आगमन एक समन्वय और संगठन सशक्तिकरण की महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में देखा गया। कांग्रेस ने 2028–29 के लक्ष्य को लेकर संगठनोत्तर स्तर से लेकर जिलास्तर तक समन्वित प्रयासों का भरोसा जताया। यादव ने जिला कांग्रेस कार्यालय में होने वाली बैठक में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष, प्रकोष्ठ, विभाग, मोर्चा संगठनों के अध्यक्षगण एवं जिला समन्वय समिति के सदस्यों को आपसी सामंजस्य और लक्ष्य साधने पर जोर दिया।

बीजेपी का आलोचनात्मक स्वरः चंदन यादव ने भाजपा की राजनीति को तानाशाही और समाज विभाजन की दिशा में बताते हुए कांग्रेस को महात्मा गांधी के सिद्धांत एवं विचारों पर चलने वाली पार्टी के रूप में पेश किया।

उन्होंने कांग्रेस शासनकाल के 70 वर्षों में उपलब्ध साधनों की तुलना मोदी सरकार के 11-12 वर्षों से अधिक धन संचयन से की। विशेष रूप से मनमोहन सरकार की रोजगार गारंटी योजना का उदाहरण देते हुए कहा कि इसे बदलकर वर्तमान समय में नाम बदलने का काम हुआ है।गांधी विचार पर बलः यादव ने कहा कि महात्मा गांधी का नाम और उनकी विरासत कागज़ों से मिटाया जा सकता है, लेकिन हर व्यक्ति के दिल में वह अविनाशी है। यह भाव गांधी की सत्याग्रह और अहिंसा जैसे विचारों से जुड़ा दिखता है, जिनके तहत संघर्ष बिना हिंसा के और सत्य की आस्था से किया जाता है।

यादव ने पार्टी कार्यकर्ताओं से सड़क से सदन तक, सोशल मीडिया से व्यक्तिगत संवाद तक भाजपा के कथ्यों और चरित्र को उजागर करने का दायित्व बताया।

जिला अध्यक्ष संजय उईके अनुशासन और मेहनत पर जोरः संघठात्मक मजबूती के लिए अनुशासन का महत्व रेखांकित किया। बीजेपी के खिलाफ सतत विरोधः लोगों तक जाकर भाजपा के चेहरे का प्रदर्शन करना और झूठ, फरेब तथा सांप्रदायिकता फैलाने वाली राजनीति के विरुद्ध सड़कों पर विरोध प्रदर्शन के लिए कार्यकर्ताओं को तैयार रहने का आह्वान।बालाघाट विधायक अनुभा मुंजारे-सार्वजनिक और विधायी स्तर पर संघर्षः सड़क से सदन तक कांग्रेस को हर वर्ग की लड़ाई लड़ने को तैयार बताते हुए भाजपा पर वोट चोरी तथा झूठ का आरोप लगाया।भविष्य की आशाः भाजपा का पतन निश्चित बताते हुए कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता मजबूती से विचारधारा से लड़कर भाजपा को परास्त करेंगे। वारासिवनी विधायक विक्की पटेल-कार्यकर्ता की भूमिकाः संगठन की रीढ़ की हड्डी को कार्यकर्ता बताया।

**भविष्य की सरकार का आश्वासनः** भाजपा का चेहरा बेनकाब करने के लिए कांग्रेस कार्यकर्ताओं को मजबूत दिखाकर भविष्य में कांग्रेस सरकार बनाने का लक्ष्य।पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष और राष्ट्रीय सचिव हिना कावरे-ब्लॉक अध्यक्षों एवं मोर्चा संगठनों को जिम्मेदारीः नए पदाधिकारियों को अपनी जिम्मेदारी निभाने का निर्देश दिया।गृह-गृह जाकर कांग्रेस विचारधारा को जन–जन तक पहुंचाने की आवश्यकता; राहुल गांधी की सोच पर सकारात्मक विश्वास व्यक्त किया।भविष्य के संकेतः भाजपा का पतन आरम्भ बताया और कांग्रेस कार्यकर्ताओं को दृढ़ता से जनसंपर्क करने हेतु प्रेरित किया।

भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी पर तीखी टिप्पणी करते हुए कहा कि घमंड अस्थायी है, और रावण जैसे भी नाम अंततः मिट जाते हैं; भाजपा भी उसी सफर पर है।

प्रियंका गांधी द्वारा सदन में की गई आलोचना का संदर्भ देते हुए, नेहरू, इंदिरा व राजीव गांधी पर बोलने की बजाय देश को बनाने का श्रेय देने की बात कही; संस्थाओं को बेचकर देश चलाने का आरोप लगाया।

कार्यकर्ताओं से जमीन पर उतरकर विरोध करने का आग्रह।कार्यक्रम की उपस्थिति और समापनकार्यक्रम में समन्वय समिति के सदस्य, समस्त ब्लॉक अध्यक्ष, विग, प्रकोष्ठ सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### वनप्राणियों की लगातार हो रही है मौत, जांच, कार्यवाही शून्य

## पोस्टिंग और स्थानांतरण तक सिमटे मुख्य वनसंरक्षक बालाघाट





हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में पदस्थ वन संरक्षक गौरव चौधरी वन्य प्राणी सुरक्षा तथा अवैध कटाई में लगाम लगाने की जगह पोस्टिंग कराने और स्थानांतरण कराने में ज्यादा रूचि ले रहे हैं। वन्य प्राणियों की मौतों का सिलसिला रूकने का नाम नही ले रहा हैं।

ताजा उदाहरण बीते कल लामता रेंज में एक तेंदुआ कक्ष क्रमांक 1284 में करंट लगाकर मौत और उससे पहले 12 दिसम्बर दक्षिण वनमंडल सामान्य अंतर्गत कटंगी रेंज के कक्ष क्रमांक 562 में करंट से बाघ की मौत हो जाती है। दक्षिण वनमंडल सामान्य बालाघाट के कटंगी रेंज में चार माह पूर्व बाघ के शव को जलाने जैसी घटना तथा साक्ष्य मिटाने का कार्य किया गया। डिप्टी रेंजर तथा बीट गार्ड लगभग दो महिने तक फरारी काटने के बाद गिरफ्तार होते हैं। पूरे मामले में मुख्य वनसंरक्षक गौरव चौधरी की कार्यप्रणाली संदेह के घेरे में हैं। उपरोक्त वन परिक्षेत्रों में घटित घटनाओं में वन परिक्षेत्र अधिकारियों पर मुख्य वनसंरक्षक गौरव चौधरी के द्वारा कार्यवाही नहीं की गई। वन परिक्षेत्र कटंगी में पदस्थ बाबूलाल चढार का रक्षण मुख्य वनसंरक्षक के द्वारा किया जा रहा हैं। कटंगी रेंज में 2 बाघों की मृत्यु के बाद भी बाबूलाल चढार कटंगी में जमें हुए हैं, समझ से परे हैं। वहीं सूत्र बताते हैं कि मुख्य वनसंरक्षक गौरव चौधरी पूर्व में बांधवगढ़ टाईगर रिजर्व उमरिया में पदस्थ थे, 10 जंगली हाथियों की मृत्यु संबंधी प्रकरण में गौरव चौधरी भावसे-2010 को घोर लापरवाही के चलते निलंबित किया गया था। निलंबन होने के बाद भी मुख्य वनसंरक्षक की कार्यप्रणाली में वन्यप्राणियों की सुरक्षा को लेकर सुधार नहीं हैं। बालाघाट क्षेत्र में भी इनके कार्यकाल में वन्य प्राणियों की लगातार मौतों का सिलसिला जारी हैं।

## चिचोली में अवैध रेत खनन पर खनिज विभाग की छापामार कार्यवाही

### ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त, एफआईआर दर्ज



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** बालाघाट जिला प्रशासन के निर्देशों के पालन में 24 दिसंबर 2025 को खनिज विभाग के अमले द्वारा तहसील खैरलांजी के ग्राम चिचोली क्षेत्र में रेत खनिज के अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम के लिए छापामार कार्यवाही की गई है। इस कार्यवाही के दौरान रेत के अवैध खनन में लिप्त ट्रैक्टर ट्राली को जब्त कर उसके मालिक एवं चालक के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई है।उप संचालक खनिज सुश्री फरहत जहां ने बताया कि 24 दिसंबर को आकस्मिक निरीक्षण के दौरान ग्राम चिचोली, तहसील खैरलांजी स्थित खसरा क्रमांक 463 के अंश भाग, बावनथडी नदी क्षेत्र में एक ट्रैक्टर-ट्रॉली क्रमांक MP 50-एए- 5292 को अवैध रूप से खनिज रेत भरते हुए पाया गया। मौके पर चालक से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम बस्तीराम पिता बुधराम उईके, उम्र 40 वर्ष, निवासी भण्डारबोडी, तहसील खैरलांजी बताया। चालक द्वारा खनिज रेत खनन एवं परिवहन से संबंधित कोई भी वैध अनुमति अथवा दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए।उप संचालक सुश्री फरहत जहां ने बताया कि राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एन.जी.टी.) के प्रकरण क्रमांक 1262/2024 में पारित आदेश दिनांक 15 अक्टूबर 2025 के अनुसार ग्राम चिचोली तहसील खैरलांजी स्थित खसरा क्रमांक 463 के अंश भाग रकबा 4.99 हेक्टेयर क्षेत्र में स्वीकृत रेत खदान सहित खदान क्षेत्र एवं उसके आसपास के क्षेत्रों में आगामी आदेश तक खनिज रेत का उत्खनन पूर्णतः प्रतिबंधित है। एन.जी.टी. के प्रतिबंध के बावजूद अवैध खनन करते पाए जाने पर संबंधित आरोपी के विरुद्ध थाना खैरलांजी में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। आरोपी का कृत्य म.प्र. खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भंडारण का निवारण) नियम 2022 के नियम 3 का उल्लंघन पाए जाने के कारण प्रकरण पंजीबद्ध कर खनिज नियमों के अंतर्गत नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।बालाघाट जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में रेत एवं अन्यक खनिज के अवैध खनन के विरुद्ध सख्त कार्यवाही जारी रहेगी और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ किसी भी प्रकार की ढिलाई नहीं बरती जाएगी

### बालाघाट में रेत समूह ठेका समर्पण को लेकर उप संचालक खनिज ने स्थिति स्पष्ट की

## मे. वैनगंगा माइनिंग वर्क्स प्रा.लि. द्वारा रेत समूह ठेका समर्पण के लिए म.प्र. स्टेट माइनिंग कारपोरेशन लिमिटेड, भोपाल को आवेदन प्रस्तुत

### ठेका समर्पण आवेदन अब तक स्वीकार नहीं किया गया है

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

मध्यप्रदेश रेत (खनन, परिवहन, भण्डारण एवं व्यापार) नियम 2019 के नियम 16 में मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण) दिनांक 26 मई 2023 द्वारा किए गए संशोधन के अनुसार, किसी भी रेत समूह का समर्पण एम.डी.ओ. द्वारा तीन माह पूर्व सूचना देकर किया जा सकता है। निगम अथवा राज्य शासन को देय समस्त बकाया राशि का भुगतान किए जाने के पश्चात, राज्य शासन के अनुमोदन से उक्त ठेका समर्पण स्वीकार किया जाता है।उप संचालक खनिज सुश्री फरहत जहां ने इस संबंध में बताया कि नियमों के अनुसार, एक बार समूह समर्पण हेतु आवेदन प्रस्तुत हो जाने के बाद यह अपृथकरणीय होता है तथा राज्य शासन द्वारा निर्धारित समयावधि में इस पर निर्णय लिया जाता है। साथ ही, समर्पण आवेदन प्राप्त होने पर निगम द्वारा समूह की पुनः निविदा की प्रक्रिया प्रारंभ की जाती है। हालांकि, अनुबंधित ठेका समाप्ति की तिथि से छह माह पूर्व प्रस्तुत समर्पण आवेदन पर विचार नहीं किए जाने का भी प्रावधान है।उक्त प्रावधानों के अंतर्गत जिले में विद्यमान एम.डी.ओ. द्वारा गठित एस.पी.वी. मेसर्स वैनगंगा माइनिंग वर्क्स प्रा.लि., पता 491/9ए, द्वितीय तल, सेक्टर 9ए, साकेत नगर, हबीबगंज, भोपाल (म.प्र.) द्वारा मध्यप्रदेश स्टेट माइनिंग कारपोरेशन लिमिटेड, भोपाल के समक्ष दिनांक 12 दिसंबर 2025 को जिला बालाघाट रेत समूह के ठेका समर्पण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। निगम द्वारा वर्तमान दिनांक तक उक्त ठेका समर्पण आवेदन स्वीकार नहीं किया गया है।उप संचालक सुश्री फरहत जहां ने बताया कि इसके अतिरिक्त, म.प्र. रेत नियम 2019 के नियम 18 (11) में किए गए संशोधन के अनुसार, अनुज्ञा की अवधि समाप्त होने अथवा निरस्त होने की स्थिति में अनुज्ञप्तिधारी को भण्डारण स्थल पर उपलब्ध रेत को ठेका समाप्ति या निरस्ती की तारीख से एक माह के भीतर हटाना अनिवार्य है। निर्धारित अवधि में रेत न हटाए जाने की दशा में भण्डारण स्थल पर उपलब्ध खनिज रेत को राजसात किए जाने का प्रावधान है। जिला प्रशासन द्वारा संबंधित प्रावधानों के अनुसार आगे की कार्यवाही की जाएगी।

## समर्थन मूल्य पर 71,121 किसानों से 34.20 लाख क्विंटल धान की खरीदी

**बालाघाट।** किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने के उद्देश्य से खरीफ विपणन वर्ष 2025–26 के अंतर्गत जिले में 185 खरीदी केंद्रों पर समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी की जा रही है। 24 दिसंबर की शाम तक जिले के 71 हजार 121 किसानों से 34 लाख 20 हजार क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है, जिसकी कुल कीमत 810 करोड़ 19 लाख 80 हजार रुपए है। किसानों को अब तक 312 करोड़ रुपए का भुगतान किया जा चुका है। जिला आपूर्ति अधिकारी श्री आर.के. ठाकुर ने बताया कि जिले में खरीदे गए धान में से 23 लाख 80 हजार क्विंटल धान का परिवहन कर गोदामों में भंडारण किया जा चुका है। गोदाम स्तरीय खरीदी केंद्रों पर धान विक्रय करने वाले किसानों को 03 दिनों के भीतर भुगतान किया जा रहा है। अब तक 1 लाख 11 हजार 890 किसानों द्वारा स्लॉट बुकिंग की जा चुकी है।

## विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी ने अपनी टीम के साथ आदिवासी स्कूल के बच्चों को बोतल भेंट की

हरिभूमि न्यूज किरनापुर।



विकासखंड शिक्षा अधिकारी किरनापुर गणेश प्रसाद सोनी एवं टीम प्राचार्य एनसी परिहार प्राचार्य श्री घनश्याम तेलासे प्राचार्य बसंत चौधरी के द्वारा ग्राम मेंडरा स्कूल आदिवासी अंचलों के विद्यार्थियों को पानी की बोतल प्रदान की गई संस्था के प्रधानाध्यापक सूर्यकांत कालबेलिया एवं छात्रों को परीक्षा पूर्व अध्ययन करने के तरीकों पर समझाइए दी गई इतने अंदर जंगल ग्राम में भी छात्रों का स्तर अच्छा पाया गया। शिक्षक ने बताया मेरी नियुक्ति शासकीय प्राथमिक शाला मेढरा में ई जी एस गुरुजी के पद पर 21 फरवरी 1997को हुई थी।1997से आज पर्यन्त तक (श्रीमान सोनी सर बी ई ओ) पहले ऐसे विकास खंड शिक्षा अधिकारी है जो मेढरा पहुंचे है।मेढरा पहुंचकर शाला में अध्ययन रत गरीब आदिवासी बच्चों से मिले,और मिलकर बच्चों को प्रोत्साहित किए हैं।मैं माननीय बी ई ओ साहब का हृदय से अभिवादन करता हूं।

### पटेलों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा कर ,बनाई जाएगी आगामी रणनीति

## बैहर तहसील में ग्रामीण पटेल कल्याण संघ की सभा कल

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

ग्रामीण पटेल कल्याण संघ प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल शरणागत, व जिला अध्यक्ष कृष्ण कुमार लिल्हारे, ने विज्ञप्ति जारी कर बताया कि पटेल संघ की वर्षो से लंबित विभिन्न मांगों को लेकर शुक्रवार 26 दिसंबर को बैहर तहसील के कचेरी गेट के समक्ष पटेल कल्याण संघ की सभा बैठक का आयोजन किया गया है।तहसील अध्यक्ष भागचंद भाऊ ठाकरे (मंडई)के आव्हान पर आयोजित इस सभा मे संघ के प्रदेश अध्यक्ष ,उपाध्यक्ष की भी गरिमा उपस्थिति रहेगी।जहां पटेल कल्याण संघ से जुड़ी वर्षो पुरानी मांग जैसे राजस्व की वसूली करने के पटेल को अधिकार दिए जाने, किस्त बंदी के कार्य प्रतिवर्ष पटेलों को देंने, जिन ग्रामों में ग्रामीण पटेल पद रिक्त है, उनको यथाशीघ्र भरे जाने, ग्रामीण पटेल जो पूर्व में थे, उनको यथावत रखने, भू-राजस्व संहिता की धारा 222 से 229 की अधिकार की जिम्मेदारी पटेलों को दी जाने। ग्राम पंचायत के मनोनीत पंच एवं आम सभा में पटेलो को प्रतिनिधि बनाने, कोई भी जांच पटेल के समक्ष करने, ग्रामीण पटेल को प्रतिवर्ष मानदेय के रूप में उचित पारिश्रमिक देने, ग्रामीण पटेल को वर्तमान में छत्तीसगढ़ / महाराष्ट्र / हरियाणा एवं अन्य प्रांतों में जिस प्रकार से प्रतिमाह मानदेय दिया जाता, उसी प्रकार म.प्र. के समस्त ग्राम पटेलों को मानदेय देने, संगठन में महिला एवं पुरूष कार्यकारिणी में पद अधिकारी है,जिनकी मिटिंग 2-2 माह में राजधानी भोपाल में की जाती है। संगठन के पदाधिकारियों को रूकने का साधन नहीं है, इसलिए संगठन के नाम से एक आवास मकान कार्यालय हेतु स्वीकृत कराया जाने, सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा कर आगामी रणनीति बनाई जाएगी। जिसमें शामिल होने की अपील सुरेंद्र सिंह चौहान, विश्वनाथ नगपुरे, मुकेश दशरिया, उदेलाल ड़हारे, चुड़ामन सिंह शिवहरे, रजनीकांत चौधरी, शंकर सिंह पटले, हुकुमचंद पटले, रनधीर बिसेन, दीपचंद रनगिरे,आरडी रहांगडाले,नरेंद्र मोहारे, गुलाब सिंह हिरापूरे, और राम प्रसाद बघेले सहित अन्य पदाधिकारी सदस्यों द्वारा की गई है।

### दिवसीय कार्ययोजना के अनुसार अध्यापन पर जोर

## परीक्षाफल उन्नयन के लिए जिला शिक्षा अधिकारी ने किया विद्यालयों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज लांजी।



जिले में शैक्षणिक गुणवत्ता एवं परीक्षाफल में सुधार के उद्देश्य से दिनांक 24 दिसंबर 2025 को जिला शिक्षा अधिकारी बालाघाट श्री अश्विनी कुमार उपाध्याय के मार्गदर्शन में विकासखंड लांजी के विभिन्न विद्यालयों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान शासकीय उमावि भानेगांव, शासकीय उमावि टेमनी, शासकीय हाईस्कूल सुनारकाकोड़ी, शासकीय उमावि कुम्हारीलकला, शासकीय उमावि साडरा एवं शासकीय उमावि मोहझरी सहित अन्य विद्यालयों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कुछ विद्यालयों में विद्यार्थियों की उपस्थिति अपेक्षाकृत कम पाई गई, जिस पर जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा संबंधित शिक्षकों को उपस्थिति बढ़ाने के निर्देश दिए गए। आगामी परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए जिला शिक्षा अधिकारी श्री उपाध्याय ने कक्षाओं में स्वयं अध्यापन कर विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर का आकलन किया। इसके आधार पर शिक्षकों एवं प्राचार्यों को विद्यार्थियों के स्तरानुसार रणनीति बनाकर प्रभावी अध्यापन कराने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान 'परीक्षा पे चर्चा', छात्रवृत्ति वितरण, ई-अटेंडेंस की स्थिति की भी समीक्षा की गई। साथ ही परीक्षाफल उन्नयन हेतु जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जारी 45 दिवसीय कार्ययोजना के अनुसार नियमित, योजनाबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण अध्यापन सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जिले में परीक्षा परिणाम को बेहतर बनाने के लिए इस प्रकार के निरीक्षण आगे भी निरंतर किए जाते रहेंगे। सभी शिक्षकों से अपील की गई कि वे विद्यालयों में नियमित उपस्थिति दर्ज कराते हुए विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर में सुधार हेतु पूरी निष्ठा और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करें।

## सुशासन दिवस पर अधिकारी कर्मचारियों को दिलाई शपथ



**बालाघाट।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा स्थापित सुशासन के उच्चतम मापदण्डों के महत्व को प्रतिपादित करते हुए उनके जन्म-दिवस 25 दिसम्बर के एक दिन पूर्व 24 दिसम्बर को सुशासन दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर बुधवार को कलेक्ट्रे ट कार्यालय में अपर कलेक्टर श्री जी एस धुर्वे ने अधिकारियों व कर्मचारियों को सुशासन की शपथ दिलाई। इस अवसर पर डिप्टीय कलेक्टर श्री प्रदीप कौरव, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्रीमती शकुंतला डामोर एवं अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

## भेंडारा पीएमश्री विद्यालय में सामूहिक सहभागिता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

### अभिभावक एंव शिक्षको की सहभागिता से विद्यार्थीयो का सर्वांगीण विकास संभव - प्राचार्य आर. के . नागपुरे

हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।



अध्ययनरत विद्यार्थीयो के सर्वांगीण विकास के करने के उद्देश्य से विकासखंड के अंतर्गत आने वाले पीएमश्री शासकीय उच्च.माध्य विद्यालय भेंडारा में 23 दिसंबर मंगलवार को सामुदायिक सहभागिता कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस दौरान कार्यक्रम में बताया गया की विद्यार्थीयो के सर्वांगीण विकास के लिए पालक और शिक्षक दोनो की सहभागिता होनी चाहिए। पालको को जिस स्कूल में उनके बच्चे अध्यनरत है उस स्कूल के वातावरण एंव अध्यापको से परिचित हो तथा उस विद्यालय के सहभागी बने ताकि उनके बच्चो का विकास सही दिशा में हो सके। इस अवसर पर प्राचार्य रविकांत नागपुरे ने सामुदायिक सहभागिता कार्यक्रम एंव शासन की योजना की सहारना करते हुए उन्होंनो कहा की बगैर पालक और शिक्षक के प्रयास एंव सहभागिता के बिना विद्यार्थीयो को विकास संभव नही है। यह आवश्यक है की पालको के द्वारा समय-समय पर स्कूल में आकर अपने बच्चो की शैक्षणिक गतिविधि के संबंध में चर्चा करे एंव कमीयो को दूर करने का प्रयास करे जिससे बच्चो का सर्वांगीण विकास और ज्ञान कौशल बढे सके। उन्होंनो कहा की पालक और शिक्षको के सामूहिक सहभागिता एंव प्रयास से ही विद्यार्थीयो का सर्वांगीण विकास संभव है।इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन के द्वारा कार्यक्रम को रोचक एंव आनंदित बनाने के लिए अभिभावको के बीच में खेल प्रतियोगिता आयोजित कि गई जिसमें बाल्टी में बाल डालना, कुर्सी दौड, एक मिनट में डिस्पोजल इकट्ठा करना, एक मिनट में अधिक से अधिक मोमबत्तियां चिपकाना, एक मिनट में अधिक से अधिक फूलो की माला बनाए जैसे खेल आयोजित किए । प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पाने वाले पालको को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया ।

## दागदार कर्मचारी फिर धान खरीदी में तैनात, उपायुक्त के निर्देश की हो रही अवहेलना

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



खरीफ उपार्जन वर्ष 2024-25 में आर्थिक अनियमितिता वाले उपार्जन केन्द्रों के उपार्जन कार्य में संलग्न रहे कर्मचारियों को खरीफ उपार्जन वर्ष 2025-26 में उपार्जन कार्य से पृथक रखने के निर्देश उपायुक्त सहकारिता ने दिए है। मगर इसके बावजूद तिरोड़ी तहसील क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले धान खरीदी केंद्र बम्हनी और हरदोली में दागदार कर्मचारियों को अप्रत्यक्ष तौर पर फिर से खरीदी केंद्र में प्रमुख जिम्मेदारी सौंपी गई है। कहने को यह दागदार कर्मचारी सहायक के तौर पर नियुक्त किए गए हैं लेकिन देखने में आ रहा है कि इन्हीं सहायक कर्मचारी के द्वारा धान खरीदी में बड़ी भूमिका निभाई जा रही है और जिन्हें प्रमुख जिम्मेदारी सौंपी गई है वह दूर खड़े होकर तमाशा देख रहे हैं और यह सहायक खरीदी कर रहे है। हरदोली धान खरीदी केंद्र में दुर्गेश लांजेवार और बम्हनी में मनीष तिबोड़े को धान खरीदी करते हुए देखा जा रहा है जबकि यह दोनों ही कर्मचारी दागदार है। इनके खिलाफ आर्थिक अपराध अन्वेषण प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) ने बाकायदा मामला दर्ज किया था और इन कर्मचारियों को धान की कमी की राशि जमा करने के बाद जमानत मिली हुई है। इन कर्मचारियों की धान खरीदी केंद्र में तैनाती पर जब सेवा सहकारिता समिति बम्हनी के शाखा प्रबंधक आर.आर. भूरे से दूरभाष पर चर्चा की गई तो वह इन कर्मचारियों का बचाव करते हुए नजर आए। उनका कहना है कि यह कर्मचारी सहायक के तौर पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं जबकि उपायुक्त ने अपने आदेश में साफ कर रखा है कि उपार्जन केन्द्रों में विगत वर्ष में की गई आर्थिक अनियमितिता वाले उपार्जन केन्द्रों के उपार्जन कार्य में संलग्न रहे कर्मचारियों को खरीफ उपार्जन वर्ष 2025-26 में उपार्जन कार्य से पृथक रखें। ऐसे कर्मचारियों से खरीफ उपार्जन वर्ष 2025-26 संबंधी किसी प्रकार का कार्य नहीं कराया जाए। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि जानबूझकर इन दागदार कर्मचारियों को मौका दिया गया है।

बम्हनी और हरदोली धान खरीदी केंद्र के सूचना पटल में धान खरीदी प्रभारियों के नाम तक प्रदर्शित नहीं किए गए। ऐसा जानबूझकर किया गया है ताकि वरिष्ठ अधिकारियों को इस बात की जानकारी ही ना पहुंच पाए की उनके बिना जानकारी के ऐसे दागदार कर्मचारियों को फिर से धान खरीदी केंद्र की जिम्मेदारी सौंपी गई है जिन्हें धान खरीदी केंद्र में किसी भी प्रकार की जिम्मेदारी देने से साफ इनकार कर रखा गया है। बता दें कि नागरिक आपूर्ति निगम पर भारी-भरकम कर्ज है। ऐसे में इस बार भारतीय खाद्य निगम ही सीधे समर्थन मूल्य प्रदान की खरीदी कर रहा है। विभाग के अधिकारियों को इस बात की जानकारी नहीं है कि दागदार कर्मचारी धान खरीदी केंद्र में तैनात किए गए हैं।